


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 147 | ग्वालियर गुरुवार, 16 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### यूपी से लेकर महाराष्ट्र तक भारत में शादी, पलायन की सबसे बड़ी वजह



**नई दिल्ली।** हमने बचपन से ही सुना है कि बेटियां पराई घर की होती है, उन्हें एक दिन शादी करके अपने घर जाना होता है. लेकिन क्या हमने कभी ये सोचा था कि बेटियों की शादी करवाकर उसे ससुराल भेजने का ये रिवाज महिलाओं के पलायन का सबसे बड़ा कारण बन जाएगा. दरअसल भारत में पलायन करने वालों पर एक आंकड़ा सामने है. जिसके अनुसार यूपी से लेकर महाराष्ट तक भारत में शादी, पलायन की सबसे बड़ी वजह है. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार साल 2020-21 के दौरान भारत में महिला और पुरुषों के बीच प्रवास की दर 28.9 प्रतिशत दर्ज की गई है और प्रवासन का सबसे आम कारण शिक्षा और रोजगार नहीं बल्कि विवाह है. हमने अक्सर ही सुना है कि भारत में लोग एक देश से दूसरे देश, एक राज्य से दूसरे राज्य नौकरी से लेकर बेहतर शिक्षा की तलाश में पलायन करते हैं. कोरोना संक्रमण के कारण हुए लॉकडाउन के दौरान भी टीवी से लेकर सोशल मीडिया तक, अखबार से लेकर रेडियो तक पलायन शब्द का बार-बार जिक्र किया गया था. उस दौरान देश भर के करोड़ों लोग अपने कर्म भूमि से पलायन कर घर वापसी कर रहे थे. लेकिन देश में शादी कर अपने ससुराल जाना खासकर महिलाओं के लिए पलायन का सबसे बड़ा कारण बन जाएगा ये किसने सोचा था. इंडियास्पेंड में साल 2011 के जनगणना के आंकड़ों पर आधारित एक रिपोर्ट बताती है कि भारत में एक राज्य से दूसरे राज्य पलायन करने वाले कुल प्रवासियों में से 46 प्रतिशत प्रवासी के माइग्रेशन का कारण शादी है और इनमें से 97 फीसदी महिलाएं हैं. आसान भाषा में समझे तो पलायन करने वाले 224 मिलियन भारतीय में से 97 फीसद महिलाएं हैं. इस रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के अलावा अपने घर सहित पलायन करने वाले लोगों की संख्या 15 प्रतिशत है और रोजगार के लिए 10 प्रतिशत लोग पलायन कर रहे हैं. इंडियास्पेंड की इसी रिपोर्ट के अनुसार गांव में रहने वाली महिलाएं ज्यादा पलायन कर रही हैं. पलायन करने वाले 97 प्रतिशत महिलाओं में से लगभग 78 प्रतिशत ग्रामीण महिलाएं शादी के बाद अपना घर छोड़ अन्य राज्य या शहर में बस रही हैं. इस मामले में शहरी क्षेत्रों की महिलाओं का आंकड़ा 46 प्रतिशत है. महिलाएं सदियों से शादी के बाद अपना घर छोड़ पति के घर बस जाती हैं.

### राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती कोर्ट पहुंचे व्हीलचेयर से लाए गए पूर्व रेल मंत्री लालू यादव

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव-राबड़ी देवी और उनकी बेटी तथा राजद सांसद मीसा भारती जमीन के बदले नौकरी मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले में 16 आरोपियों को पेश होने का आदेश दिया है. लालू प्रसाद यादव को व्हीलचेयर के जरिए कोर्ट में लाया गया. हाल ही में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है. राऊज एवेन्यू कोर्ट की कोर्ट नम्बर 501 में जज गीतांजलि गोयल के सामने सभी पेश होंगे. पेशी को देखते हुए कोर्ट में इंटरनल सिक्योरिटी बड़ा दी गयी है. लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने रेल मंत्री रहते हुए नौकरी के बदले में लोगों से जमीन ली थी. सीबीआई ने बीते साल 18 मई को लालू यादव के खिलाफ केस दर्ज किया था. इसके पहले 6 मार्च को सीबीआई पटना स्थिति राबड़ी देवी के आवास पर पहुंची थी जहां उसने पूर्व सीएम से सवाल-जवाब किए थे. अगले ही दिन 7 मार्च को सीबीआई की टीम दिल्ली स्थित मीसा भारती के आवास पर पहुंची. यहां पर सीबीआई ने घोटाला मामले में लालू यादव से पूछताछ की. पूछताछ के तीन दिन बाद ईडी की टीम ने लालू यादव, तेजस्वी यादव और उनके परिवार व करीबियों के करीब 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी ने दावा किया था कि उसे छानबीन के दौरान 600 करोड़ के आर्थिक अपराध का पता चला है. ईडी ने बताया कि 1 करोड़ कैश, 1900 डॉलर, 540 ग्राम सोना और 1.5 किलो सोने के आभूषण बरामद किए गए हैं.



### 4 बच्चे पैदा करो, 2 राम के नाम पर लगा दो

बागेश्वर धाम के महंत पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने विवादित हिन्दू राष्ट्र के बयान से राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में आये थे. उनके हिन्दू राष्ट्र बयान ने काफी लोगों का ध्यान खींचा था. अब उनकी एक नयी वीडियो सामने आई है. इसमें भी वो हिन्दू राष्ट्र से जुड़ी बातें कर रहे है. वो लोगों से तीन से चार बच्चे करने को कह रहे है. साथ ही उनमें से कम से कम एक बच्चे को हिन्दू राष्ट के नाम पर दान देने का आग्रह कर रहे है. बागेश्वर धाम सरकार धीरेन्द्र शास्त्री एक मंच से भीड़ को कहते है कि यहां जो भी शादीशुदा नहीं है वो जल्द शादी करें. पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि सभी शादीशुदा लोगों को तीन या चार बच्चे करने चाहिए. उन्होंने कहा कि वैसे भी सरकार कहती है कि बच्चे दो ही अच्छे होते है. इसलिए कम से कम अपने एक बच्चे को राम नाम पर लगा दो. बच्चे को हिन्दू राष्ट के काम के लिए दान कर दो. धीरेन्द्र शास्त्री ने कहा कि समझदार को इशारा ही काफी है.

## क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिल सकता है शांति का नोबेल पुरस्कार ?

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकप्रियता बढ़ती ही जा रही है. दुनिया को शांति और तरक्की की राह दिखा रहे हिंदुस्तान की अगुवाई कर रहे पीएम मोदी ना सिर्फ अपने देश का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहे है. बल्कि उनकी खूबियों की तारीफ करने वालों में नोबेल प्राइज कमेटी के मेंबर का नाम भी शामिल हो गया है. दरअसल नार्वे से नोबेल प्राइज कमेटी की टीम भारत पहुंची है. ये वो कमेटी है जो पीस प्राइज का विजेता तय करती है और सबसे बड़ी बात ये है कि इस कमेटी के डिप्टी लीडर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है. उन्होंने कहा कि पीएम मोदी जैसे ताकतवर लीडर में शांति स्थापित करने की ज़बरदस्त क्षमता है.



नोबेल पीस प्राइज का वीजेता घोषित करने भारत आए नॉर्वे की नोबेल प्राइज कमेटी के डिप्टी लीडर एस्ले टोजे ने एबीपी न्यूज़ से कहा, नोबेल पीस प्राइज के लिए हमें बड़ी संख्या में भारतीय नॉमिनेशन मिल रहे हैं. मैं उम्मीद कर रहा हूं कि दुनिया का हर नेता वो काम करे जो नोबेल पीस प्राइज के लिए ज़रूरी हो. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए कहा, मैं मोदी के एफर्ट को फॉलो कर रहा हूं. मोदी जैसे ताकतवर लीडर में शांति स्थापित करने की जबरदस्त क्षमता है. पीएम मोदी बहुत ताकतवर देश से आते हैं उन्हें बहुत ही सीरियसली लिया जाता है. उनके भीतर बेहद विश्वसनीयता है. वे अपनी विश्वसनीयता और स्ट्रेंथ का इस्तेमाल इस भयावह युद्ध को रोकने में करेंगे. एस्ले आगे कहते हैं, पीएम मोदी ने रूस अमेरिका और चीन के राष्ट्राध्यक्षों से बात की है कि भविष्य शांति का हो ना कि युद्ध का. मुझे खुशी है कि मोदी सिर्फ़ भारत को ही आगे बढ़ाने का काम नहीं कर रहे हैं बल्कि उन मुद्दों पर भी काम कर रहे हैं जो दुनिया में शांति के लिए ज़रूरी हैं. दुनिया को भारत से सीखने की ज़रूरत है. भारत का सुपर पावर बनना तय है. एक तरफ जहां रूस और अमेरिका दोनों ही न्यूक्लियर वार और बचाव की बात कर रहे हैं. ऐसे में इन देशों को भारत की ओर देखने की जरूरत है. भारत की नो फर्स्ट यूज पॉलिसी सबसे रिस्पॉन्सिबल पॉलिसी है. वहीं नॉर्वे के भारतीय मूल के सांसद हिमांशु गुलाटी ने एबीपी न्यूज से कहा, आने वाले समय में बहुत भारतीयों को नोबेल प्राइज के लिए नॉमिनेट किया जाएगा. दुनिया में शांति बनाए रखने में पीएम मोदी का रोल बहुत ज़रूरी है. रूस यूक्रेन दोनों ही साइड भारत की रिस्पेक्ट करते हैं. अगर इस लड़ाई को रोकना है भारत का रोल बेहद ज़रूरी है. सितंबर 2022- पिछले एक साल से रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध का लेकर सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने अपने एक बैठक में शांति के लिए भारत के प्रयासों की तारीफ की थी.

## बीजापुर में नक्सलियों ने रेत ढुलाई में लगे तीन वाहनों में की आगजनी

### मजदूरों को दी जान से मारने की धमकी

**छत्तीसगढ।** के बीजापुर जिले में मंगलवार को एक बार फिर नक्सलियों ने उत्पात मचाया. नक्सलियों ने यहां मिंगाचल नदी में रेत ढुलाई के लिए गए तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया. इस वारदात में दो टिप्पर और एक ट्रैक्टर पूरी तरह से जलकर खाक हो गए. घटना के बाद से वाहन मालिकों में दहशत का माहौल बना हुआ है. बताया जा रहा है कि नक्सलियों ने मंगलवार दिनदहाड़े इस वारदात को अंजाम दिया. घटनास्थल में मौजूद मजदूर नक्सलियों की आने की सूचना पर वहां से भाग गए और अपनी जान बचाई. नक्सलियों ने इस वारदात को पेद्दा कोड़ेपाल गांव में मौजूद मिंगाचल नदी के घाट में अंजाम दिया. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद तुरंत मौके के लिए पुलिस बल को भी रवाना किया गया, लेकिन नक्सली तब तक घटना को अंजाम देकर फरार हो चुके थे. पिछले सप्ताह भर में नक्सलियों ने दो बार आगजनी की वारदात को अंजाम दिया है. जिसमें नक्सलियों ने 5 गाड़ियों में आगजनी करने के साथ मजदूरों से मारपीट भी की है. बताया जा रहा है कि भवन निर्माण के लिए दो टिप्पर और एक ट्रैक्टर में घाट से रेत ले जाई जा रही थी. इसकी सूचना नक्सलियों को लगी और मौके पर पहुंचकर उन्होंने वाहनों में पेट्रोल छिड़ककर उसमें आग लगा दी.

दअरसल, नक्सली पिछले कुछ दिनों से सड़क निर्माण कार्य का विरोध कर रहे हैं. इस कारण वो निर्माण कार्य में लगे वाहनों में आगजनी कर रहे हैं. मंगलवार को भी पेद्दा कोड़ेपाल गांव में मौजूद मिंगाचल नदी के घाट में सड़क निर्माण के लिए दो टिप्पर और एक ट्रेक्टर में रेत ढुलाई की जा रहा थी. इसकी जानकारी नक्सलियों को लगी. इसके बाद दिनदहाड़े नक्सली मौके पर पहुंचे. वहां मौजूद मजदूरों के मुताबिक सभी नक्सली हथियारों से लैस थे. नक्सलियों ने दोनों टिप्पर और एक ट्रैक्टर में पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी. साथ ही दोबारा रेत ढुलाई के लिए आने पर ट्रक ड्राइवरों को जान से मारने की धमकी भी दी. इसके बाद ट्रक ड्राइवरों ने इसकी जानकारी अपने वाहन मालिकों को को दी. वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची. बताया जा रहा है कि नक्सलियों के मिंगाचल एरिया कमेटी ने इस वारदात को अंजाम दिया है. वहीं इस घटना के बाद से ठेकेदारों में और वाहन मालिकों में दहशत का माहौल बना हुआ है. फिलहाल घटना के बाद इस इलाके में पुलिस पूरी सुरक्षा देने की बात कह रही है.



### अब किसी भी राज्य में मरीज करा सकेंगे ऑर्गन ट्रांस्प्लांट के लिए रजिस्ट्रेशन

केंद्र सरकार ने मंगलवार (14 मार्च) को राज्यसभा में कहा कि अंग ट्रांस्प्लांट की जरूरत वाले मरीज अब देश के किसी भी राज्य में अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं. इससे पहले मरीज के रजिस्ट्रेशन के लिए राज्य के मूल निवासी होने की शर्त थी जिसे अब हटा दिया गया है. स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण राज्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा में ये जानकारी दी. भारती प्रवीण ने कहा, केंद्र सरकार अंग दान या ट्रांस्प्लाट के लिए एक राष्ट्र, एक नीति के उद्देश्य को लेकर काम कर रही है. राज्य मंत्री भारती प्रवीण ने आगे बताया, अब ऐसे मरीज देश के किसी भी कोने में जाकर अंग ट्रांसप्लांट के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे. वहीं, किसी भी उम्र का मरीज मृत-दाता के अंग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकेगा. केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने जानकारी देते हुए बताया, कोरोना काल के बाद देश में ऑर्गन ट्रांस्प्लांट के मामलों में भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है. आंकड़ों के मुताबिक, साल 2022 में पहली बार एक साल के वक्त में 15 हजार से ज्यादा ट्रांस्प्लांट के मामले दर्ज हुए हैं.

### घोड़ी पर नहीं बल्कि डोली में बैठकर शादी करने पहुंचा दूल्हा

**नई दिल्ली।** आजकल कुछ लोग अपनी शादी को अलग बनाने के लिए कुछ अजीबोगरीब तौर-तरीके अपनाते हुए नजर आते हैं. ऐसे में एक मामला बाराबंकी में सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के खोखरपुर गांव का सामने आया है, जहां कई दशकों बाद पालकी में बैठकर शादी करने के लिए जाते दूल्हे को देखा गया है. दूल्हे ने अपनी शादी में उस परंपरा को फिर से जीवित करने की सोची, जिसके तहत दूल्हा पालकी में बैठकर शादी करने अपनी ससुराल जाता है. ये सभी जानते हैं कि डोली शादियों की शान हुआ करती थी. पहले की शादियों में दूल्हा, डोली में बैठकर ससुराल जाता था और उसी डोली में अपनी दुल्हन को ब्याह करके वापस घर आता था. फिल्मों में भी आपने ऐसे कई सीन देखे होंगे जहां शादियों में डोली में दुल्हन की विदाई होते हुए दिखाया गया है. अब शहरों के साथ गांवों में भी डोली वाली परंपरा लगभग समाप्त हो गई है, लेकिन इसी बीच विलुप्त होती इस परम्परा को बाराबंकी में हुई एक शादी में फिर से जीवित करते हुए देखा गया है और ये शादी इसलिए सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बनी हुई है. इस शादी में दूल्हा डोली में बैठकर दुल्हन को लेने ससुराल गया, जिसका वीडियो ऑनलाइन सामने आया है. बताया जा रहा है कि डोली की परंपरा को निभाते हुए दूल्हा पालकी में बैठकर 5 किलोमीटर दूर शादी रचाने अपने ससुराल पहुंचा. ये डोली जिस भी रास्ते से गुजरी, लोगों की निगाहें इस पर ही टिक गईं, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हुआ है. जानकारी के मुताबिक शादी के बाद इसी डोली पर बैठकर दुल्हन भी अपने ससुराल पहुंची, जिसे देखने के लिए लोगों का हुजूम इकठ्ठा हो गया.



### जिस देश ने बनाया था गुलाम, उसी से मदद मांग रहे राहुल गांधीः स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** संसद के सत्र के बीच केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर उनके लंदन में दिए गये बयान पर निशाना साधा है. स्मृति ईरानी ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, राहुल गांधी ने एक ऐसे देश में जाकर विदेशी ताकतों का आह्वान किया जिसका इतिहास भारत को गुलाम बनाने का रहा है. उन्होंने कहा, राहुल ने भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ाते हुए वहां ये खेद व्यक्त किया कि आखिर क्यों विदेशी ताकतें आकर भारत पर धावा नहीं बोलती हैं. स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, मैं राहुल गांधी से सवाल पूछना चाहती हूं, आपने विदेश में जाकर कहा था कि देश में उनको किसी विश्वविद्यालय में बोलने का अधिकार नहीं है, अगर ऐसा है तो 2016 में दिल्ली के एक विश्वविद्यालय में भारत तेरे टूकड़े होंगे का नारा लगने के समय वह वहां क्यों गये थे. उन्होंने वहां जाकर किसका समर्थन किया था. और वह क्या था। स्मृति ईरानी ने कहा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को देश की संसद से माफी मांगनी चाहिए. उन्होंने विदेश जाकर, देश और उसकी संस्थाओं को अपमानित करने का काम किया है. राहुल, मोदी विरोध में देश विरोधी हो गये और लंदन में वह लोकतंत्र का अपमान कर बैठे. स्मृति ईरानी ने कहा, राहुल गांधी ने एक ऐसे देश में जाकर आह्वान किया है जिनका भारत को गुलाम बनाने का इतिहास रहा है.



### 628 पुलिस स्टेशनों में नहीं है टेलीफोन

देश की कानून व्यवस्था में पुलिस का बहुत अहम किरदार होता है. आजकल के लगभग सभी पुलिस थाने आधुनिक हो गए हैं, लेकिन क्या आपको पता है कि आज भी कई पुलिस स्टेशनों में ना ही कोई गाड़ी है और ना ही टेलीफोन कनेक्शन जी हां, लोकसभा में केंद्र सरकार ने मंगलवार (14 मार्च) को बताया कि देश के 63 पुलिस स्टेशनों के पास कोई वाहन नहीं है और 628 पुलिस स्टेशनों में लैंडलाइन टेलीफोन कनेक्शन नहीं है. इसके साथ ही 285 पुलिस स्टेशनों में वायरलेस सेट या मोबाइल फोन नहीं है. केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि देश भर में 17,535 पुलिस थाने हैं. जिनमें से कई ऐसे थाने हैं, जिनके पास ना ही गाड़ी है और ना ही टेलीफोन कनेक्शन है. देश में अब 5जी नेटवर्क है, लेकिन तब भी इनमें से कई पुलिस स्टेशनों के पास वायरलेस सेट या मोबाइल फोन नहीं हैं. सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के 1,783 पुलिस थानों में से 175 को अभी भी वायरलेस सेट या मोबाइल फोन की जरूरत है. इसके साथ ही पंजाब के 431 पुलिस स्टेशनों में से 35 में भी इसी तरह की कमी है. सरकार ने कहा कि 17,535 पुलिस स्टेशनों में से सिर्फ 14,834 पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी लगाए गए.




### साड़ी पहनकर उड़ाई पहली सोलो फ्लाइट

**नई दिल्ली।** सरला ठकराल ये वही नाम है जिसने पहली बार महिलाओं को असल में आसमान की ऊंचाइयों पर उड़ना सिखाया था. सादगी ऐसी की देखकर नहीं लगता था कि सरला इतने बड़े सपने देख सकती थीं. हम बात कर रहे हैं विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला की जिन्होंने साड़ी पहनकर कॉकपिट में एंट्री की थी. महज 21 साल की उम्र में उन्हें 1936 में एविएशन पायलट का लाइसेंस मिल गया था. सरला ने पहली बार साड़ी पहनकर उड़ान भरी और यह साबित कर दिया कि महिलाओं के लिए भी आसमान खुला है. सरला ठुकराल उस समय की युवा महिलाओं के लिए एक उदाहरण थीं जो ऊंची उड़ान भरने की ख्वाहिश रखती थीं. सिर्फ पायलट ही नहीं सरला एक उम्दा चित्रकार भी थीं. उनके पति भी एक एयरमिल पायलट रह चुके थे जिनकी वजह से उनको भी विमान उड़ाने की प्रेरणा मिली थी. उनका निधन 15 मार्च, 2008 को हुआ था. सरला का जन्म दिल्ली ब्रिटिश भारत में 8 अगस्त 1914 को हुआ था.

### आवारा कुत्तों से होने वाली घटनाओं को लेकर मेयर ने की आपातकालीन बैठक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ आज एक आपात बैठक की. वसंत कुंज में कुत्तों द्वारा बच्चों को काटने की घटना का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए. साथ ही लापरवाही बरतने पर अधिकारियों की खिंचाई की और विभाग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ऐसी कोई घटना दोबारा न हो. वहीं मेयर ने अधिकारियों को आवारा कुत्तों से दिल्लीवासियों को निजात दिलाने के मुद्दे पर एक सप्ताह के भीतर कार्य योजना तैयार करने को कहा है. इसके अलावा मेयर ने पशुओं से जुड़े एनजीओ, गौशाला संचालकों और पशु चिकित्सा विशेषज्ञों की बैठक भी बुलाई है. बैठक के दौरान अधिकारियों ने आवारा जानवरों को नियंत्रित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया. आवारा कुत्तों की आबादी को नियंत्रित करने के लिए एमसीडी विभिन्न एनजीओ के साथ मिलकर काम करती है. वर्तमान में एमसीडी के 20 नसबंदी केंद्र हैं जिनमें से 16 काम कर रहे हैं. अधिकारियों ने बताया कि शहर में कुत्तों की आबादी कम करने के लिए और अधिक नसबंदी केंद्रों की जरूरत है. वहीं मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा, इनकी जनसंख्या को कम करने के लिए आवश्यक ढांचे का अभाव है.

## खारिज नहीं कर सकते मेडिकल क्लेम, मरीज का अस्पताल में भर्ती होना जरूरी नहीं

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता फोरम ने मेडिकल क्लेम पर बड़ा आदेश दिया है. इसमें कहा गया है कि कोई व्यक्ति भले ही 24 घंटे से कम समय तक अस्पताल में भर्ती रहा हो, वह बीमा का दावा कर सकता है. वड़ोदरा के कंज्यूमर फोरम ने एक आदेश में बीमा कंपनी को बीमा की राशि भुगतान करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने कहा कि नई तकनीक आने के चलते कभी-कभी रोगियों का इलाज कम समय में या अस्पताल में भर्ती हुए बिना भी किया जाता है. उपभोक्ता फोरम ने ये आदेश वड़ोदरा निवासी रमेश चंद्र जोशी की याचिका पर दिया है. जोशी ने 2017 में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. कंपनी ने उनका बीमा क्लेम देने से इनकार कर दिया था.

**क्या था मामला**-जोशी की पत्नी को बीमारी के बाद वड़ोदरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था. अगले दिन इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई. इलाज के बाद जोशी ने 44,468 रुपये का मेडिकल क्लेम दायर किया लेकिन बीमा कंपनी ने यह कहते हुए इसे खारिज कर दिया कि मरीज को नियम के तहत 24 घंटे तक भर्ती नहीं कराया गया था. जोशी ने उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज की और दस्तावेज पेश कर बताया कि उनकी पत्नी को 24 नवंबर, 2016 को शाम 5.38 बजे भर्ती कराया गया था और 25 नवंबर को अगले दिन शाम 6.30 बजे डिस्चार्ज किया गया. इस तरह वह 24 घंटे से ज्यादा अस्पताल में थी. उपभोक्ता फोरम ने अपनी टिप्पणी में कहा कि वर्तमान समय में नई तकनीक आने से मरीज को 24 घंटे से कम समय में ही इलाज दिया जा सकता है. फोरम ने कहा, पहले के समय में लोग इलाज के लिए लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती होते थे लेकिन नई तकनीक आने से मरीजों को बिना भर्ती किए ही या फिर कम समय में ही इलाज किया जा सकता है. फोरम ने आगे कहा, अगर मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया जाता है या नई तकनीक के चलते भर्ती होने के बाद कम समय में इलाज किया जाता है, तो बीमा कंपनी यह कहकर दावे को खारिज नहीं कर सकती कि मरीज को अस्पताल में भर्ती नहीं किया गया था. फोरम ने यह भी कहा कि एक बीमा कंपनी यह तय नहीं कर सकती है कि रोगी को अस्पताल में भर्ती करना आवश्यक है या नहीं. यह फैसला केवल डॉक्टर ही रोगी की स्थिति के आधार पर ले सकते हैं. फोरम ने बीमा कंपनी को आदेश दिया कि वह दावा खारिज होने की तारीख से 9त्न ब्याज के साथ जोशी को 44,468 रुपये का भुगतान करे.



## एक नजर...

### अवैध शराब बेचने वाले आरोपी पर कोर्ट ने किया 5000 रुपए का जुर्माना

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर



**पिछोर।** पुलिस थाना पिछोर के एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने अपनी टीम के साथ दिनांक 17/1/23 को भानु पाल निवासी विजयपुर के कब्जे से उसके ढाबा ग्राम गरैठा रोड पर से 20 क्वाटर देसी शराब प्लेन व 10 क्वाटर देसी शराब मसाला सहित गिरफ्तार किया था जिस पर धारा 34(1) आबकारी एक्ट का प्रकरण दर्ज किया था जिसमें आज न्यायालय श्रीमान अमनदीप सिंह छावड़ा जेएमएफसी पिछोर में आरोपी भानु पाल पर न्यायालय उठने तक की सजा 5000 रुपये का जुर्माना किया। उक्त प्रकरण में मुख्य भूमिका एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक संतोष यादव, हीरा पाल, घनश्याम परमार, आरक्षक कमल सिंह मांझी व प्रदीप कौरव की रही।

### पुलिस थाना पिछोर ने दो बदमाश दबोच कर भेजे जेल

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर



**पिछोर।** ग्राम सेमरी में महेश अहिरवार अपनी पत्नी भागवती से झगड़ा कर मारपीट कर रहा था एवं उसी के घर के सामने बीरेंद्र अहिरवार मौहल्ले वालों के ऊपर पत्थर फेंककर झगड़ा कर रहा था ।दोनों ही शराब के नशे में थे जिन्हें पुलिस थाना पिछोर की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर धारा 151 जाफ्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया एवं एसडीएम कोर्ट पेश किया एसडीएम कोर्ट ने दोनों को उप जेल पिछोर भेजा ।पुलिस थाना पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, अरविंद यादव, आरक्षक देशराज गुर्जर, बचान सिंह तोमर व नगर रक्षा समिति सदस्य बालकिशन लोधी शामिल रहे । दोनों बदमाश की जेल जाने से ग्राम सेमरी की जनता व मुकेश की पत्नी भागवती ने राहत की सांस ली है।

### आबकारी विभाग द्वारा पोहरी में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन

जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना




नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए नशे से दूर रहना ही समझदारी है। ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन करने से स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा घर परिवार में भी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए नशीले पदार्थों के सेवन से दूर रहें। नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें विभिन्न विभागों को जोड़ा गया है। इसके अंतर्गत आबकारी विभाग द्वारा पोहरी क्षेत्र अंतर्गत नशा मुक्ति शिविर का आयोजन किया गया। आबकारी व्रत पोहरी के आबकारी उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता ने बताया कि ग्राम चकराना में टीम ने पहुंचकर मदिरा का अधिक सेवन करने वाले व्यक्तियों के घरों को चिन्हित किया। लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी। शिविर के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति का संकल्प दिलाया। आबकारी उप निरीक्षक राहुल गुप्ता ने बताया कि यह नशा मुक्ति जागरूकता अभियान लगातार जारी रहेगा। इसमें गांव को चिन्हित कर नशा मुक्ति जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि लोगों को शराब के अत्यधिक सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सके और लोगों को जागरूक किया जा सके।

### जिले के सरहदी राज्यों के लिए चारा भूसा के निर्यात पर लगा प्रतिबंध



शिवपुरी। वर्ष 2023-24 में जिले में उपलब्ध पशुओं हेतु भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए गेंहू के भूसे को उद्योगो में ईंधन के रूप में जलाने पर एवं जिले के सरहदी राज्यों के लिये चारा भूसा का निर्यात किए जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी ने पशु चारा (निर्यात एवं नियंत्रण) आदेश 2000 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए पशुओं के आहार में आने वाले समस्त प्रकार के चारे, घास, भूसा, चारा, कडवी (ज्वार के डंठल) को जिले से लगी सरहदी राज्यों को निर्यात किये जाने को एवं उद्योगो में गेंहू के भूसे का ईंधन के रूप में जलाने के लिए उपयोग तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया है। पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ तमोरी ने बताया है कि कोई भी कृषक, व्यापारी या निर्यातक किसी भी प्रकार के पशुचारे का किसी प्रकार के वाहन, नाव, मोटर, रेल या किसी भी यान द्वारा शिवपुरी जिले से लगी अन्य राज्यों को बिना अनुमति के निर्यात एवं परिवहन नहीं करेगा एवं उद्योगो में गेंहू के भूसे का ईंधन के रूप में जलाने के लिए उपयोग नही करेगा।

# कम लागत में अधिक मुनाफे देती हैं मसाला फसलें: प्रहलाद भारती





अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी**–भारत सरकार के सुपारी एवं मसाला विकास निर्देशालय कैलिकट, केरल के मिशन फॉर इंडीग्रेटेड डेवलेपमेंट ऑफ हॉर्टिकल्चर अंतर्गत मसाला फसलों में तकनीकी हस्तांतरण कृषक प्रशिक्षण सह मेला बुधवार 15 मार्च 2023 को राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केन्द्र पिपरसमा शिवपुरी पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त प्रहलाद भारती द्वारा किया गया।

प्रहलाद भारती ने कृषकों, कृषक महिलाओं एवं छात्रों को संबोधित करते हुए शिवपुरी जिले के भौगोलिक एवं जलवायु दशा को फसलों में विविधता के अनुकूल बतलाया तथा जिले में मसाला फसलों- धनियां, अजवाइन, सोहा, कलोंजी, हल्दी, अदरक इत्यादि को भी फसल चक्र में समावेश वैज्ञानिक तकनीकियों से उत्पादन कर कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाली फसलें साबित हो रही है। साथ ही उन्होंने प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूकता बड़ाने एवं कुछ क्षेत्र में किसान बंधुओं को अपनाये जाने के लिए भी कहा। जिससे भूमि, पर्यावरण एवं मनुष्य के स्वास्थ्य पर लाभकारी प्रभाव पड़े और इस हेतु देशज वंश के गौधन पालन को बड़ावा दें। साथ ही उन्होंने शासन की उपयोगी योजनाओं से भी लाभान्वित होने एवं जुड़ने के लिए आवाहन किया । सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रबंधक मध्यांचल ग्रामीण बैंक श्री बृजेश कुमार शर्मा ने कृषकों को वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ . पुनीत कुमार ने तकनीकी हस्तांतरण में कृषक प्रशिक्षण सह मेला का महत्व बतलाते हुए नई वैज्ञानिक जानकारियों को अपनाये जाने के बारे में बतलाया। जिले में फसल विविधिकरण तकनीकियों एवं मसाला फसलों का बड़ता क्षेत्र नवाचार गतिविधियों एवं प्रगति के बारे में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.एम.के. भार्गव द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई । मसाला फसलों में खरपतवार प्रबंधन के बारे में डॉ. शैलेन्द्र सिंह कुशवाह, वरिष्ठ वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान ) मसाला फसलों में कीट-रोग नियंत्रण के बारे में जे.सी. गुप्ता, वैज्ञानिक (पौध संरक्षण) ने जानकारी दी। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा प्रमुख मसाला फसलों में बीजोत्पादन तकनीक तथा मसाला फसलों में प्रसंस्करण से रोजगार एवं कृषक उत्पादक समूह के बारे में वैज्ञानिक डॉ.ए.एल. बसेड़िया द्वारा बतलाया गया। कृषिवानिकी और मसाला फसलों का संयोजन तकनीक के बारे में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. नीरज कुमार कुशवाहा द्वारा एवं समन्वित खेती में लाभकारी आयाम के बारे में श्री योगेश चन्द्र रिखाड़ी वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने जानकारी दी एवं मेला में प्रदर्शनी स्टॉलों का संचालन भी कराया जिसमें आरती बंसल स्टेनो का सहयोग रहा। कृषक प्रशिक्षण संगोष्ठी में प्राकृतिक खेती एवं मोटा अनाज जिन्हें श्रीअन्न नाम दिया गया है की भी जानकारी देते हुए उपस्थित कृषकों के बीच प्रश्नोत्तरी करते हुए समस्याओं का समाधान भी किया गया तथा केन्द्र पर विभिन्न प्रदर्शन इकाइयों जिसमें प्रमुख फसल संग्रहालय में धनियां एवं अजवाइन प्रजातियों प्राकृतिक खेती, समन्वित कृषि प्रणाली, वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन, वर्षा सह रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, वर्ष भर एक ही खेत में हरा चारा उत्पादन, उद्यानिकी इकाई इत्यादि का भ्रमण भी कराया गया। मेले में कृषि की उन्नत छोटी मशीनें एवं प्रसंस्करण श्री रामगोपाल वर्मा भौंती से, श्री अंकित वर्मा ग्राम ठर्रा से मृदा परीक्षक श्री अनिकेत धाकड़ एवं भगवान सिंह रावत द्वारा फूलों की खेती, दीपक कुशवाह फतेहपुर शिवपुरी प्राकृतिक खेती एवं जैविक उत्पादन, अमित रघुवंशी इंदार से वर्मीकम्पोस्ट उत्पादन के प्रदर्शनी स्टॉल लगाये गये। कृषि विज्ञान केन्द्र, शिवपुरी का प्रदर्शनी स्टॉल जिले की विभिन्न तकनीकियों को प्रदर्शित करते हुए लगाया गया। केन्द्र के कार्यालय में विभिन्न ग्रामों एवं विकासखण्डों से 280 से अधिक कृषकों की सहभागिता रही।

# कांग्रेस ने भी देश हित की लड़ाई लड़ी है: मानवेंद्र सिंह

## दबोह के वार्ड 14 में निकाली हाथ जोड़ो यात्रा





अर्पित गुप्ता उपसम्पादक
पुष्पांजली टुडे

**दबोह।** देश के कांग्रेस ने भी कई लड़ाई लड़ी है। कांग्रेस भी देश हित पार्टी है। उक्त बात आज बार्ड न 14 में कांग्रेस की हाथ जोड़ो यात्रा के समापन्न समारोह में कही उन्होंने कहा कि आज भाजपा अपने आपको राम की पार्टी कहती हैं क्या कॉग्रेस राम की पार्टी नही है हम भी राम को मानते हैं उन्होंने कहा कि कॉग्रेस सभी बर्ग की पार्टी है भाजपा मजहव,जाति में देश को बांटने में लगी हुई हैं।वही कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार शर्मा (मोल्या) ने कहा कि मैं दबोह के कार्यकर्ताओं का दिल से स्वागत करता हूं क्योंकि हाथ जोड़ो यात्रा दबोह व उसके ग्रामीण क्षेत्रो में बड़े ही स्तर से काम किया जा रहा है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि ने कहा कि आप लोगो के लिए नगर परिषद के दरवाजे खुले हुए हैं यह परिषद आपकी है आपका कोई भी काम नही रोका जाएगा बशर्ते काम बेधानिक होना चाहिए। इसके पश्चात नगर परिषद उपाध्यक्ष चौधरी हाकिम सिंह ने कहा कि डॉ गोविंद सिंह को कोई पद का लालच नही है वह प्रतिपक्ष नेता है वह तो राजनीति ने सेवा भाव से काम करते हैं। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री शिव नारायण दुवे (बल्लू बकील) ने कहा कि आप लोग जिस उत्साह से काम कर रहे हो ऐसा ही जुनून दिसंबर तक रखना है। ओर यही कार्यकर्ताओ हौसला डॉ गोविंद सिंह को अबकी बार तीस हजार से चुनाव जीतेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार शर्मा मुख्य अतिथि मानवेन्द्र सिंह उर्फ मोंटी विशेष अतिथि किशोरी पाराशर पूर्व सरपंच बड़ा गाँव उपस्थित रहे। इस अबसर पर कॉग्रेस कार्यकार्ताओं में जिला उपाध्यक्ष राजा भैया पाल, जिला महा सचिव रमा कौरव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रूपनायण खटीक, किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय गुर्जर, कार्यालय प्रभारी राजेन्द्र खेमरिया, राजपाल गुर्जर (नेता), विवेक गुर्जर, जगमोहन तेहरिया, माधव यादव,सुरेश कौरव,मुन्ना कौरव, शेरे पठान, दुर्गा राठौर , रियाज खान, नफीस खान, रासबिहारी गोस्वामी, कल्लू बिलैया,पकंज शर्मा, कार्यक्रम के अंत मे बार्ड पार्षद सुधीर तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।संचालन कप्तान सिंह कौरव ने किया।



### करैरा में लाड़ली बहना योजना का प्रशिक्षण रामराजा गार्डन में सम्पन्न

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का प्रशिक्षण रामराजा गार्डन करैरा में सीईओ जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दिनेश चंद शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित किया गया। पहली पाली में ग्रामपंचायत सरपंच, पंच, सचिव, ग्रामरोजगार सहायक, एमपी ओनलाइन, कियोस्क प्रभारी, सीएससी प्रभारी, जन सेवा मित्र को प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। उनके योजना के संबंध में समस्त प्रश्नों का निराकरण सीईओ जनपद करैरा ब्रह्मेन्द्र गुप्ता द्वारा किया गया। द्वितीय पाली में नगर परिषद करैरा के समस्त वार्ड पार्षद, उपाध्यक्ष, समस्त वार्ड प्रभारी एवं अन्य कर्मचारी सहित सीएमओ ताराचंद धूलिया नगर परिषद करैरा प्रशिक्षण में उपस्थित रहे। प्रशिक्षण मास्टर ट्रैनर असिसटेंट प्रोफेसर हरीश अम्ब एवं संदीप शर्मा समग्र विस्तार अधिकारी द्वारा प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण में योजना के विभिन्न बिंदुओं यथा पात्रता, अपात्रता, आवेदन का ऑनलाइन किया जाना, समग्र आईडी का आधार ई के वाय सी, बैंक खाते को आधार से लिंक एवं डीबीटी चालू कराने के संबंध विस्तार से जानकारी प्रदाय की गई।

# 20 मार्च को मुख्यमंत्री श्री चौहान का लांजी आगमन

## कलेक्टर, एसपी ने लिया कार्यक्रम स्थल का जायजा

रितेश कटरे ब्युरो चीफ
पुष्पांजली टुडे बालाघाट

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का 20 मार्च को बालाघाट जिले में लांजी नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई



स्टेडियम में आगमन होने की संभावना है। जहां मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत लाड़ली बहनों का भव्य सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से सीएम शिवराज शिरकत करेंगे। यह कार्यक्रम 20 मार्च को दोपहर 01 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम मे आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे, पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष गौरीशंकर बिसेन, सांसद ढालसिंह बिसेन, पूर्व विधायक रमेश भटेरे सहित अनेको गणमान्य, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री चौहान के 20 मार्च के लांजी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने 15 मार्च को कलेक्टर डॉ गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ कार्यक्रम स्थल वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम लांजी पंहुचे। जहां उन्होंने सभी आवश्यक विषयों पर चर्चा करते हुये अधिकारियो को दिशा निर्देश किये। इसके पश्चात हैलीपैड, बसों एवं वाहनो की पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी एन्ट्री, बैठक व्यवस्था, पण्डाल सहित सुरक्षा के पुख्ता इंतजामात को लेकर अधीनस्थ अधिकारियों से चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य रूप से लाडली बहना योजना क्रियान्वयन को लेकर भी दिशा निर्देश प्रदान किये गये।

**नगर परिषद मे ली बैठक**–कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा नगर परिषद लांजी के सभा गृह में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित पार्षद गण एवं नप अधिकारी की उपस्थित में बैठक ली गई । जिसका मुख्य उद्देश्य 20 मार्च को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन को लेकर चर्चाऐं की गई। बैठक में मुख्य रूप से पण्डाल व्यवस्था, पार्किग सहित अन्य बिन्दुओ पर दिशा निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं पार्षद गण, कार्यक्रम स्थल का जायेजा लेने पंहुचे एवं भौगौलिक स्थिति को देख्ते हुये कार्यक्रम आयोजित किये जाने की बात कही। इस दौरान नप अध्यक्ष रेखा तारांचद कालबेले, उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, पार्षद किशोर रामटेक्कर, दिनेश कचवाहे, डा देवेश एडे, ताराचंद कालबेले, एसडीएम ज्योति ठाकुर, तहसीलदार सतीश चौधरी, सीईओ रंजित ताराम, सीएमओ राजीव लोचन कटारे सहित अन्य प्रशासनिक अमला उपस्थित रहा।

### अम्बाह पुलिस ने बिना नम्बर के चल रहे टेक्टरों पर व रजिस्ट्रेशन नम्बर डाले गये एवं टेक्टरों पर लगे अनाधिकृत साउण्ड सिस्टम हटाये गये

केशव पंडित जी अम्बाह



**अम्बाह।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी जी द्वारा संपूर्ण जिले मे बिना नम्बर के चल रहे टेक्टर व उनपर लगे अनाधिकृत साउण्ड सिस्टम के विरूध्द कार्यवाही हेतु चलाये गये अभियान के अन्तर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायसिंह नरवरिया एवं एसडीओपी परिमाल सिंह मेहरा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 15/03/2023 को थाना अम्बाह पुलिस द्वारा चैकिंग लगाई जाकर चैकिंग के दौरान बिना नम्बर के टेक्टरो पर उनके रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित किये गये एवं जिन टेक्टरों पर अनाधिकृत रूप से साउण्ड सिस्टम लगे पाये गये उनको हटवाया जाकर मौके पर टेक्टरों पर म. व्ही. एक्ट के अन्तर्गत 10 प्रकरण बनाये जाकर चालानी कार्यवाही की गयी ।

**सराहनीय भूमिका**–थाना प्रभारी अम्बाह विनय यादव, एसआई पारथसिह परिहार, एसआई विवेक तोमर एसआई पंकज यादव, प्र. आर. 125 बसंत साहू, प्र. आर.539 भारत सिह गुर्जर, प्रआर. 707 महेश शर्मा .आर.448 हबलदार सिंह, एससी 418 रामवीर सिह, आर. 909 पुष्पेन्द्र राजावत, आर.1049 नरेन्द्र र्य, आर.339 सतेन्द्र सिह, आर. 716 जोगेन्द्र सिह, आर.543 दीपक पचौरी, आर. 114 योगेन्द्र राजे।

# कांग्रेसी संस्कृति में झूठ बोलने की आदतः सरोज जोशी

## किसानों के कर्ज माफ कर नहीं पाए तो महिलाओं को 18 हजार रुपये क्या देंगे

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दतिया । भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री प्रदेश कार्य समिति की सदस्य दतिया जिला प्रभारी श्रीमती सरोज जोशी ने कांग्रेस की पूर्व महापौर एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, उन्होंने दतिया में आयोजित महिलाओं के सम्मेलन में बताया कि में कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को 18 हजार रुपये प्रति साल देंगी मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि मध्य प्रदेश के 2018 के विधानसभा चुनाव में युवा महिलाओं और किसानों से झूठ बोलकर सरकार बनाई 15 माह की सरकार में 2 लाख रुपये तक कर्ज माफ नहीं कर पाए तो महिलाओं को क्या दिला पाएंगी पहले वह अपने गिरेबान में झांक कर देखें महिलाओं को झूठ बोलकर भ्रमित ना करें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के लिए उन्होंने लाडली बहना योजना प्रारंभ की है इसे देखते हुए कांग्रेस और उनके नेता बौखला गए हैं शिवराज सरकार की महत्वपूर्ण योजना से हमारी मातृ शक्ति का सम्मान बढ़ा है।

श्रीमती जोशी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत 51 हजार रुपये उनके खाते में डालने की घोषणा की थी क्या आज तक वो डाल पाए युवाओं को 4 हजार भत्ता देने की बात कही थी क्या वह दे पाए मंदसौर की सभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा था किसान के कर्ज माफ नहीं कर पाए तो 10 दिन में मुख्यमंत्री हटा देंगे क्या वह हटा पाए। महिला मोर्चा की प्रभारी श्रीमती जोशी ने कहा झूठ बोलने की आदत को बदलें फिर महिलाओं के बारे में बात करें। जोशी ने कहां की प्रधानमंत्री श्री मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महिलाओं के लिए महिला हितेषी योजनाओ के माध्यम से उनकी दिशा और दशा बदलने



का कार्य किया है, लाडली बहना योजना महिलाओं की जिंदगी को बदलेगी दतिया जिले में ही नहीं पूरे मध्यप्रदेश की हर जिले में इस योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाएगा 1 हजार रुपये उनके खातों में जाएगे 12 हजार रुपए प्रति साल 5 साल में 60 हजार रुपये उनके खातों में पहुंचाने का काम भाजपा की सरकार करेगी। उन्होंने दतिया जिले की सर्वसमाज की मातृशक्ति को आग्रह किया है की कांग्रेस की झूठी बातों में नहीं आना , कांग्रेस की एक ही नीति रहती है झूठ बोलना जनता को भ्रमित करना आप सभी एकजुट होकर एक लक्ष्य के साथ लाडली बहना योजना का लाभ लेने के लिए 25 मार्च से फार्म भरने का अभियान प्रारंभ किया जा रहा है, प्रत्येक मंडल के हर बूथ पर विभागीय अधिकारी महिला बाल विकास एवं पार्टी के कार्यकर्ता महिला मोर्चा की समस्त मंडल इकाइयों की बहने हर कैंप पर उपस्थित रहकर आपकी मदद करेंगी। कहीं भी किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं आएगी। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर विभा पटेल से मैं,कहना चाहती हूं की,वह,झूठ बोलने से पहले अपने नेताओं से सलाह मशवरा करके मध्य प्रदेश की बहनों से झूठ बोले क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ का कहना है कि कांग्रेस की सरकार आई तो वह 15 हजार देंगे,नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह का कहना है कि कांग्रेस की सरकार आती है तो वह 15 हजार देंगे अब कांग्रेस की विभा पटेल से कहना चाहती हूं हमारी प्रदेश की बहने बहुत समझदार हैं अब वह कांग्रेस के छलावे में नहीं आने वाली है मध्य प्रदेश की बहनों को भाजपा पर पूरा भरोसा है और वह 2023 में भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने का काम प्रदेश की बहने बखूबी करेंगी

## भाजपा की योजना अनुसार चितोरा मंडल गोहद बूथ विस्तारक बैठक सिंचाई विभाग विश्राम ग्रह पर हुई संप्पन

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

गोहद। बैठक में मुख्य अतिथि मंडल विस्तारक भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री महेश सिंह जी एडबोकेट रहे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री रवी शर्मा जी ने की ओर संचालन महामंत्री गजेंद्र चौधरी ने किया। बैठक में बूथ विस्तारक -2 कार्यक्रम की योजना बनाई गई जिसमें शक्ति केंद्र की बैठक 16,17,19 मार्च को तय होना हुआ उसके बाद पोलिंग स्तर पर पार्टी कार्यकर्ता की बैठक कर बूथ विस्तारक -2 का काम पूर्ण किया जा सके। बैठक की उपस्थिति इस प्रकार रही। श्री हरिरामशर्मा बाबूजी,चंद्रसेखर शर्मा जी, रामप्रकाश कटारे जी अध्यक्ष किसान मोर्चा, जवान सिंह गुर्जर जी ज़िला संयोजक खेल प्रकोष्ठ,श्री




फूल सिंह गुर्जर जी, अविनेंद्र राना जी, मोहन कुशवाह जी, सत्यभान सिंह जी, राजवीर सिंह जी ,सज्जनपाल परिहार जी,रामनरेश सिंह जी,दलीप गुर्जर,दीपेन्द्र सोलंकी,उमेश शर्मा,रमोतार शर्मा जी, गिरेंद्र लहारीया जी, परसोतम जाटव,सतेंद्र गुर्जर अध्यक्ष युवा मोर्चा, राजू राना, छत्रपाल राना, विनोद चौहान, संजू गुर्जर,सतेंद्र राना , रुपराम तिवारी , तिलकपाल बघेल , अखिलेश शर्मा, नरोत्तम सिंह, लाखन राना, श्रीकिशन गुर्जर, हेमसिंह गोयल, आदि लोग मोजूद रहे।




## कनौजिया समाज की बैठक सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

चकरनगर ( इटावा )। कनौजिया सभा उत्तर प्रदेश की बैठक आयोजित हुई जिसमें होली मिलन समारोह कार्यक्रम भी हुआ। कनौजिया सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम- ददरा चकरनगर (इटावा) में आयोजक जगत नारायण त्रिपाठी के आवास पर मनाया गया । आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपने विचार भी व्यक्त किए जिसमें मूल रूप से कहा कि समाज को एकजुट होकर रहना होगा और समाज के लोगों के लिए आपस में मिलजुलकर सहयोग करना होगा ताकि समाज का हर व्यक्ति अच्छा कार्य कर सके जिससे देश में क्षेत्र/जिले का नाम रोशन हो सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ई.हरि किशोर तिवारी प्रदेश अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं विशिष्ट अतिथि सुभाष त्रिपाठी जिला संवाददाता इटावा । भिंड से अनिल त्रिपाठी, डॉ शशांक त्रिपाठी, विनोद त्रिपाठी दाउदपुर, प्रमोद कुमार त्रिपाठी, श्याम त्रिपाठी, ब्रजेश तिवारी, समसपुर सुर्यकान्त त्रिपाठी वैशोली, देवेन्द्र त्रिपाठी बाजूनगर। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों से आये लोगों ने हिस्सा लिया डॉं गोविन्द त्रिपाठी, मोहन त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, अंकित त्रिपाठी, राजीव चौधरी, राजेश त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी, शिवजीवन त्रिपाठी, संजीव त्रिपाठी, श्याम सरोवर त्रिपाठी, अरुण त्रिपाठी, मुन्नु त्रिपाठी प्रधान, ब्रजनंदन त्रिपाठी, हीरामन त्रिपाठी, पप्पू त्रिपाठीति जौरा, अतुल त्रिपाठी कार्यक्रम में फूलों की होली के साथ- साथ लोगों ने एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## ग्राम रतनबसई में अनूप तोमर की गोली मारकर हुई हत्या के सनसनीखेज प्रकरण में 5 आरोपियों को हुई आजीवन कारावास की सजा




**अम्बाह।** थाना अम्बाह क्षेत्र के ग्राम रतनवसई में 13 अगस्त 2018 को पुरानी रंजिस के चलते आरोपियों द्वारा एक युवक को गोली मारकर हत्या करने व एक अन्य युवक के गोली लगने से घायल होने के मामले मे मंगलवार को अंबाह न्यायालय मे द्वितीय जिला सत्र न्यायाधीश अम्बाह श्री सुरेन्द्र कुमार के द्वारा पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा व जुर्माने से भी द किया गया है। ग्राम रतनवसई के अनूप सिंह तोमर की गांव के जोगेन्द्र तोमर, संजू तोमर,राजू तोमर, करु तोमर, नीटू तोमर से पुरानी रंजिस चली आ रही थी जिसे लेकर 13/08/2018 की शाम 06.30 बजे सुग्रीव, उसका दोस्त अनूप तोमर ग्राम रतनवसई मे साथ साथ बातचीत कर रहे थे। उसी समय जोगेन्द्र तोमर, संजू तोमर, नीटू तोमर, राजू तोमर, करन तोमर वहां पहुंचे और जोगेन्द्र ने 315 बोर की बन्दूक से सुग्रीव के ऊपर गोली चला दी। जिससे सुग्रीव बुरी तरह घायल हो गया और जोगेन्द्र, संजू, नीतू, राजू, करु ने अपनी बन्दूकों से सुग्रीव व अनूप पर जान से मारने की नियत से फायर किये जिससे अनूप तोमर के कमर के पीछे गोली लगने से वह बुरी तरह घायल हो गया था। फरियादी सुग्रीव तोमर की रिपोर्ट पर से थाना अम्बाह पुलिस द्वारा अपराध क्र. 376/18 धारा 307,302,294, 506,147, 148, 149 ताहि का कायम कर विवेचना मे लिया गया। दौराने विवेचना अनूप सिंह तोमर की इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने से धारा 302 ताहि इजाफा की गई बाद आरोपीगण जोगेन्द्र तोमर, संजू तोमर, नीटू तोमर, राजू तोमर, करन तोमर, मंगू उर्फ मंगल सिंह तोमर व रिषीकेश तोमर को गिरफ्तार कर उक्त आरोपीगण के विरुद्ध धारा 307,302,294,506, 147, 148, 149, 120बी ताहि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत चालान कता किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त प्रकरण को सनसनीखेज ( चिन्हित ) प्रकरण मे रखा गया था । उक्त प्रकरण में न्यायालय में लोक अभियोजन अधिकारी एवं नोडल पुलिस अधिकारी द्वारा समय समय पर साक्ष्य को विधि पूर्ण पेश कराया जिससे प्रकरण के आरोपीगण के विरुद्ध अभियोजन मे आरोपीगण प्रभावी साक्ष्य होने से व मामला सिद्ध पाया जाने से माननीय श्री सुरेन्द्र कुमार द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय अम्बाह की ओर से अभियोजन के दौरान आरोपीगण के विरुद्ध प्रभावी साक्ष्य व आरोप सिद्ध पाये जाने से आरोपीगण नीतू उर्फ जितेन्द्र, संजय सिंह, करु उर्फ कलियान सिंह उर्फ करन सिह, जोगा उर्फ जोगेन्द्र सिह उर्फ राजू को आजीवन कारावास की सजा व प्रत्येक आरोपीगण पर 11.11 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# पुलिस अधीक्षक की ताबड़तोड़ कार्यवाही से अपराधियों में खौफ

## अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : शैलेंद्र सिंह चौहान

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिले में पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान को 1 वर्ष कुछ माह हो चुके है । पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान मिलनसार स्वभाव के अधिकारी है,आमजनता एवं फरियादियों से अच्छे से मिलकर पूरी बात सुनते हैं, वहीं अपराधियों पर पूरी सख्ती बरतते है । आवेदनकर्ताओं के आवेदनों को लेकर उस पर तुरंत उचित कार्यवाही करने के लिये सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित कर समस्या का निराकरण कराते हैं। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस महकमे द्वारा अपराधियों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है, रात्रि में विशेष रूप से अलग - अलग स्थानों पर पुलिस गशत बड़ाये गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री चौहान द्वारा जिलाबदर, स्थाई वारंटी,इनामी बदमाशों और पंजीबद्ध अपराधियों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की गई और लगातार की जा रही है। पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान के एक साल के कार्यकाल में उनके द्वारा की गई कार्यवाही में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और हथियारों के तस्करों एवं अवैध शराब और उनके तस्करों,अवैध खनन,जुआरियों, सटोरियों, मिलावट खोरों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही कर धरपकड़ की गई। एसपी के नेतृत्व में कई फरार वारंटियों, आदतन अपराधियों की भी धरपकड़ की गई और निरंतर कार्यवाही की जा रही है । श्री चौहान द्वारा जिले की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुधारने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।

**एसपी उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करते हैं**-पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिस अधिकारी एवं जवानों को सम्मानित कर पुरुस्कृत करते रहते हैं। भिण्ड में एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे एवं डीएसपी, एसडीओपी, सीएसपी, नगर निरीक्षक, थानाध्यक्षों द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस जवानों की कई पार्टियां



बनाकर नियमित पुलिस गशत कराया जा रहा है,विशेष रूप से रात्रि में पुलिस गशत बड़ाया गया है।


**एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान भी थानों और पुलिस गशत का करते हैं औचक निरीक्षण**-पुलिस अधीक्षक श्री चौहान ने बताया कि पुलिस द्वारा कोचिंग सेंटर, बैंक, एटीएम, लॉज, धर्मशालाओं,ढाबो,पार्को को भी लगातार चेक किया जाता रहता है।

**एसपी ने कहा जारी रहेगी ऐसी कार्यवाही**-उन्होंने बताया कि पुलिस टीमों द्वारा गुंडों एवं बदमाशों के घर जाकर उनकी जानकारी ली जाती रहती है । चैकिंग के दौरान अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति मिलता है,तो उसकी जाँच की जाकर उसे चेतावनी दी जाती है,कि यदि वह किसी भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जेल से पैरोल अथवा रिहा होकर आए आरोपियों की भी गतिविधियों को भी चैक किया जाता रहता है । एसपी ने कहा कि अपराधों पर नियंत्रण रखने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से इस तरह की कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री झूठ बोलकर वाहवाही लूटते रहते हैं : डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

***भोपाल ।*** *विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनके कई मंत्रीगण विधानसभा और आमजनता के बीच में झूठ बोल कर वाहवाही लूटते रहते है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान विकास के नाम पर अरबों रुपये का कर्ज ले चुके हैं और अभी भी कर्ज लेते जा रहे हैं,शासन का खजाना खाली कर दिया है,पूरा प्रदेश कर्ज में डुबो दिया है, जबकि पूरे राज्य में विकास कार्य नाम का कोई काम ही नहीं हुआ है । डॉ सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुखिया ने विकास यात्रा के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई से जमा हुए टैक्स का करोड़ों रुपये फिजूल में ही खर्च कर दिये, इस फिजूलखर्ची में से अगर वास्तव में आधा पैसा भी विकास कार्यों में लगाया होता तो प्रदेश में थोड़ा बहुत तो विकास दिखाई देता और भाजपा को विकास यात्रा का फिजूल का नाटक नहीं करना*



*पड़ता । प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, राज्य में अपराध बड़े पैमाने पर बड़ा है प्रदेश में आये दिन हत्याएं, लूट, बलात्कार,छेड़छाड़, मिलावटखोरी, अवैध खनन, अवैध शराब तस्करी,अवैध हथियारों की तस्करी जैसी घटनाएं सुनने को मिलती है। मध्यप्रदेश में रोजगार खत्म होते जा रहे हैं शिक्षित युवा पीढ़ी रोजगार के लिए दर - दर भटक रहे हैं,भाजपा सरकार वर्षो से नोकरी निकाल ही नहीं रही है,केवल झूठे भाषणबाजी से आमजनता को बरगला रहे हैं। 2018 में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार को षड़यंत्रपूर्वक और कुछ गद्दारों के साथ मिलकर सरकार गिराकर भाजपा ने अपनी सरकार बनाई भारतीय जनता पार्टी ने मतदाताओं के साथ छल करते हुए मतदाता को सरासर धोखा दिया है। लेकिन अब प्रदेश की आमजनता भाजपा की कारगुजारियो को जान चुकी है। विधानसभा चुनाव 2023 में प्रदेश के मतदाता एकजुट होकर भाजपा की मध्यप्रदेश सरकार को हटाने का काम करेंगे, कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी जो जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरेगी।*

## जयेश टी भायल धणा ने भरी हुंकार

**पुष्पाजंली टुडे**



**मुम्बई।** मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही है समय समय पर 36 कॉम के सनातन धर्म प्रेमियों को जागृत कर रहे हैं । माटी चुन चुन महल बणाया लोग कहे घर मेरा ना घर तेरा ना घर मेरा चिड़ियि रहन बसेरा ऐसे ही एक दिन यह सोने जैसी काया को छोड़कर हम सबको जाना है। इसलिए यह महत्वपूर्ण नहीं है कि हम कितने जिएं बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि हम कैसे जिये दोस्तों जिंदगी का कोई भरोसा नहीं है कब किसका साथ छूट जाये इशिलिये जिंदगी में सेवा कार्य करते रहो मातापिता सेवा से बड़कर संचार में कोई सेवा नही है पहले मातापिता कि सेवा करो फिर भगवान कि सेवा उसके बाद गुरुदेव कि सेवा करो उसके बाद गौ माता व पशु पक्षियों कि सेवा करते रहो अगर वो भी नही कर सकते हो तो किसी भी कार्य में रोड़ा मत बनो नही तो ऊपर वाला समय समय पर अपना रूप दिखाता है फिर भीगी बिल्ली के जैसा रोना पड़ता है इसीलिए कर्म कार्य अच्छा करते रहो मनुष्य जीवन बार बार नही मिलता विधाता सबके कर्म लिखकर भेजता कोन सेवा करेगा कोन साधु बनेगा कोन व्यापार करेगा कोन करोड़पति बनेगा करोड़पति होकर भी सुकून नही मिलता है तो वो धन भी कोई काम नही है उस व्यक्ति के लिए इसीलिए छोटा छोटा धर्म का कार्य करते जाओ ताकि छोटा बड़ा पाप होगा तो कटते जायेगा कियू कि हम धरती माता पर जब चलते हैं तभी कितने जीव जंतु कीड़े मकोड़े अपने पैरो से मरते हैं ये भी एक पाप ही हे। इसीलिए दोस्तो हो सके जा आपका मन करे वहा पर थोड़ा थोड़ा धर्म कार्य करते रहो सभी सदस्यों को धन्यवाद






# ममता के तेवर से विपक्ष में परेशानी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने अचानक रवैया बदल दिया है। अब वे विपक्षी गठबंधन की बात नहीं कर रही हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की 42 में से 40 सीट जीतने का लक्ष्य तय किया है और अकेले लड़ने की तैयारी कर रही हैं। कांग्रेस और लेफ्ट मोर्चे के लिए यह अच्छी खबर नहीं है। दोनों पार्टियां उम्मीद कर रही थीं कि पूर्वोत्तर के राज्यों में ममता को जो झटका लगा है उससे सबक लेकर वे गठबंधन के लिए आगे आएंगी और तब कांग्रेस व सीपीएम कुछ सीटें लेकर गठबंधन कर सकते हैं। लेकिन ममता बनर्जी ने रवैया बदल दिया है। संसद में भी विपक्ष की साझा रणनीति में उनकी पार्टी शामिल नहीं है। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 16 विपक्षी पार्टियों के साथ संसद परिसर से विजय चौक तक मार्च किया। तृणमूल कांग्रेस उसमें शामिल नहीं हुई। राहुल गांधी के दिए बयान को लेकर भाजपा ने जिस तरह से संसद ठप्प किया है उस पर भी तृणमूल ने बाकी विपक्षी पार्टियों की तरह का रुख नहीं लिया है। वह राहुल गांधी का जिक्र नहीं कर रही है। ममता की यह रणनीति पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और लेफ्ट से दूरी दिखाने की है। कहा जा रहा है कि रणनीति के तहत वे नहीं चाहती हैं कि भाजपा और तृणमूल के बीच सीधा मुकाबला हो। कांग्रेस और लेफ्ट के रहने से तृणमूल विरोधी वोट का कुछ हिस्सा उनके साथ भी जा सकता है। इसलिए भी लोकसभा चुनाव में तालमेल करने से बचना चाह रही हैं।

# कांग्रेस कहां से लाएगी 50 साल के युवा?



बताया जा रहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी टीम बना ली है और इस हफ्ते उसकी घोषणा हो सकती है। उनकी टीम में सबसे ज्यादा दिलचस्प बात यह देखने वाली होगी कि वे 50 साल से कम उम्र के युवा कहां से खोज कर लाते हैं। ध्यान रहे कांग्रेस ने पिछले साल उदयपुर के नव संकल्प शिविर में तय किया था कि पार्टी पदाधिकारियों में 50 फीसदी पद 50 साल से कम उम्र के युवाओं, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों आदि को दिए जाएंगे। यह बहुत सुविधाजनक सिद्धांत है। हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने की नीति पर चलते हुए कांग्रेस 50 साल से कम उम्र के युवाओं वाले सिद्धांत से समझौता करेगी। संसदीय नेताओं में और संगठन में अहम पदों पर यह नियम नहीं लागू होगा।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों की मानें तो अभी 47 सदस्यों की जो स्टीयरिंग कमेटी है उसके ज्यादातर सदस्य संगठन में कहीं न कहीं एडजस्ट होंगे। वे महासचिव बनेंगे, प्रभारी महासचिव होंगे और कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य होंगे। मजेदार बात यह है कि इन 47 लोगों में संभवतः एक भी व्यक्ति नहीं है, जो 50 साल से कम है। उत्तराखंड के प्रभारी देवेंद्र यादव अपवाद हैं, लेकिन वे भी इस साल अक्टूबर में 50 साल के हो जाएंगे। जो अपेक्षाकृत युवा हैं जैसे राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, जितेंद्र सिंह, हरीश चौधरी आदि भी 50 साल से ज्यादा उम्र के हैं। सो, अगर स्टीयरिंग कमेटी के सभी सदस्यों को संगठन में कहीं न कहीं एडजस्ट करना है तो 50 साल वाली उम्र सीमा से समझौता होगा। यह पैमाना पार्टी के सचिवों की नियुक्ति में लागू हो सकता है क्योंकि वहां 50 साल से कम उम्र के अनेक लोग पहले से हैं।

# बुजुर्ग नेताओं का क्या होगा?

वैसे तो कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुद 80 साल से ज्यादा उम्र के हैं लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस के बुजुर्ग नेताओं का वे क्या करेंगे? क्या भाजपा की तरह कोई मार्गदर्शक मंडल



बनाया जाएगा या मुख्यधारा के संगठन में ही रखा जाएगा? ध्यान रहे कांग्रेस के कई नेता ऐसे हैं, जो अभी स्टीयरिंग कमेटी में हैं और मल्लिकार्जुन खड़गे के अध्यक्ष बनने से पहले कांग्रेस के महासचिव थे और कार्य समिति के सदस्य भी थे, लेकिन उम्र और सेहत की वजह से ज्यादा सक्रिय नहीं थे। ऐसे नेताओं के बारे में कांग्रेस को तय करना है कि उनको संगठन से विदा करना है या उम्र और खराब सेहत के बावजूद उनको संगठन में बनाए रखा जाएगा? सोनिया गांधी इसमें अपवाद हैं। उनके और राहुल गांधी के लिए यह नियम बनाया गया है कि वे कार्य समिति के पदेन सदस्य होंगे।

सवाल है कि मनमोहन सिंह का क्या होगा? उनकी उम्र 90 साल से ज्यादा हो गई है और शारीरिक रूप से अब उनकी सक्रियता अब लगभग जीरो है। वे व्हील चेयर से संसद आते हैं और सबसे पीछे उनके बैठने की व्यवस्था की गई है। सवाल है कि क्या पूर्व प्रधानमंत्री के नाते अब भी उनको कार्य समिति में रखा जाएगा? इसी तरह एक और बुजुर्ग नेता एके एंटनी ने सक्रिय राजनीति से संन्यास का ऐलान कर दिया है। वे भी कार्य समिति में हैं। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी की सेहत ठीक नहीं है और उम्र भी काफी ज्यादा हो गई है। अंबिका सोनी भी 80 साल से ज्यादा उम्र की हैं। ये सब अभी स्टीयरिंग कमेटी में हैं। इनके बारे में पार्टी को फैसला करना होगा।

# एक दर्जन राज्यों में अध्यक्ष बदलेंगे!

मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के केंद्रीय संगठन में बदलाव के साथ साथ राज्यों में भी बदलाव करने पर काम कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि एक दर्जन राज्यों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बदले जा सकते हैं। इस बारे में खड़गे ने राज्यों की राजनीति से जुड़े अलग समूह के नेताओं से लंबा विचार विमर्श किया है। आसपास के राज्यों के साथ सामाजिक समीकरण को ध्यान में रखते हुए नए अध्यक्षों की नियुक्ति होगी। चुनाव वाले राज्यों में अध्यक्षों को अभयदान मिला है। उनको अभी नहीं बदला जाएगा। कुछ राज्यों में हाल में नियुक्ति हुई है। उनको भी रहने दिया जाएगा। लेकिन कई बड़े राज्यों में नए अध्यक्ष नियुक्त होंगे। कई किस्म के विवादों में घिरे महाराष्ट्र के अध्यक्ष को बदला जाएगा तो दिल्ली, गुजरात आदि राज्यों में भी नए अध्यक्ष की नियुक्ति होनी है।

वैसे चर्चा तो राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को बदले जाने की भी है लेकिन इसी साल चुनाव हैं इसलिए बदलाव आसान नहीं होगा। हालांकि सचिन पायलट के साथ समझौता फॉर्मूले के तहत अध्यक्ष बदले जाने की बात हो सकती है। बहरहाल, महाराष्ट्र के अध्यक्ष नाना पटोले को हटाए जाने की चर्चा है। कांग्रेस के अंदर तो उनका विरोध है ही सहयोगी पार्टियों- एनसीपी और उद्धव ठाकरे गुट भी उनका विरोध कर रहा है। बहरहाल, गुजरात में चुनाव से कुछ दिन पहले ही जगदीश ठाकोर को अध्यक्ष बनाया गया था। चुनाव हारने के बाद उन्होंने इस्तीफा दिया है। उनकी जगह नया अध्यक्ष बनाया जा सकता है।

पश्चिम बंगाल में अधीर रंजन चौधरी अध्यक्ष हैं और वे लोकसभा में कांग्रेस के भी नेता हैं। उनकी जगह राज्य में नया अध्यक्ष नियुक्त हो सकता है। दिल्ली में नगर निगम में पार्टी की बुरी हार के बाद से प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौधरी को हटाए जाने की चर्चा है। दिल्ली में कांग्रेस को वापसी की संभावना दिख रही है इसलिए जल्दी ही नया अध्यक्ष नियुक्त हो सकता है। इनके अलावा उत्तराखंड, त्रिपुरा, झारखंड आदि राज्यों में भी अध्यक्ष बदले जाने की चर्चा है। हालांकि यह तय नहीं है कि कांग्रेस में बदलाव एक साथ होगा या किश्तों में चलता रहेगा।

# इस हफ्ते बन जाएगी खड़गे की टीम



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी टीम लगभग फाइनल कर ली है। बताया जा रहा है कि इस हफ्ते नए पदाधिकारियों की घोषणा हो सकती है और इसी हफ्ते कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों के नाम भी घोषित हो सकते हैं। कांग्रेस के जानकार सूत्रों के मुताबिक महासचिवों में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। मौजूदा महासचिव बने रह सकते हैं। खड़गे की टीम में महासचिवों की संख्या बढ़ेगी। अभी 10 महासचिव हैं, जिनकी संख्या 12 से ज्यादा हो सकती है। मौजूदा महासचिवों में केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा, रणदीप सुरजेवाला, तारिक अनवर, मुकुल वासनिक, जयराम रमेश और जितेंद्र सिंह के बने रहने की पूरे चांस हैं।

बुजुर्ग नेता ओमन चांडी की सेहत ठीक नहीं है। इसलिए उनकी जगह नया महासचिव नियुक्त होगा। अविनाश पांडे को भी कोई अन्य जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना है। महासचिव पद से इस्तीफा देने वाले अजय माकन की वापसी हो सकती है। सबसे ज्यादा बदलाव प्रभारी महासचिवों में होगा। कई राज्यों में प्रभारियों के बदले जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है जिन राज्यों में इस साल चुनाव होने वाले हैं वहां के प्रभारी नहीं बदलेंगे। तभी कुमारी शैलजा के बने रहने की संभावना है क्योंकि वे छत्तीसगढ़ की प्रभारी हैं।

कांग्रेस के जानकार सूत्रों के मुताबिक महाराष्ट्र के प्रभारी एचके पाटिल को हटाया जाएगा। केरल के प्रभारी तारिक अनवर को भी कोई अन्य जिम्मेदारी दी जा सकती है। ओमन चांडी आंध्र प्रदेश के प्रभारी हैं। उनकी जगह कोई नया नेता आंध्र का प्रभी बनेगा। बिहार के प्रभारी भक्त चरण दास, गुजरात के प्रभारी रघु शर्मा, झारखंड के प्रभारी अविनाश पांडे, उत्तराखंड के प्रभारी देवेंद्र यादव और पंजाब के हरीश चौधरी को हटाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि प्रभारियों में दो नेताओं की तरक्की की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला और हरियाणा के प्रभारी शक्ति सिंह गोहिल को बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। ए चेल्ला कुमार के पास ओड़िशा के साथ पश्चिम बंगाल की अतिरिक्त जिम्मेदारी है। बंगाल में कोई नया प्रभारी बनेगा।

कांग्रेस कार्य समिति में भी कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। अभी 47 सदस्यों की स्टीयरिंग कमेटी में जो सदस्य हैं उनमें से ज्यादातर को कार्य समिति में जगह मिलेगी। सोनिया और राहुल गांधी के अलावा मल्लिकार्जुन खड़गे और अधीर रंजन चौधरी पदेन सदस्य होंगे। इनके अलावा प्रियंका गांधी वाड्रा से लेकर दिग्विजय सिंह और पी चिदंबरम से लेकर मुकुल वासनिक तक ज्यादातर पुराने सदस्यों को जगह मिलेगी। पार्टी में 50 फीसदी पद 50 साल तक की उम्र के युवाओं को देने का फैसला किया गया है। सो, कांग्रेस को इसके लिए नेता खोजने की जरूरत होगी। अगर खड़गे इस नियम का अपवाद नहीं बनाते हैं तो महासचिव और कार्य समिति का सदस्य तलाशने में उनको बहुत ज्यादा मेहनत करनी होगी।

# राहुल तो कभी माफी नहीं मांगेगे!



■ शकील अख्तर

*राहुल मंगलवार को एक नए सवाल के साथ आ गए किभारत की विदेश नीति का लक्ष्य क्या है? बताइए यह भी कोई बात है।दुनिया जानती है कि भारत की विदेश नीति निर्गुट आंदोलन के आधार पर दुनिया भरमें सम्मानित रही। भारत तीसरी दुनिया के देशों का नेता रहा। उसकेप्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू उनकी आवाज उठाते रहे। और यह क्या बातहुई कि आज राहुल कह रहे हैं कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी विदेशों मेंअडानी की आवाज उठाते हैं। पड़ोसी देशो पर अडानी की सहायता का दवाव बनातेहैं।राहुल ने तथ्यों के साथ एक वीडियो इश्यू कर दिया है। भाजपा परेशान है कि इसशख्स का क्या किया जाए।*

राजनीति में कोई अकेला क्या इससे पहले कभी इतना भारी पड़ा? इतनास्पष्टवादी दिखा? इतना निर्भिक इतना साहसी हुआ?जिसको जो कहना है कह ले। मगर सच यही है कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति केसबसे दमदार चेहरों में एक हैं। और एक मामले में बिल्कुल अकेले और सबसेआगे हैं कि बिना कुर्सी पर रहे इतनी चर्चा में हैं।

यहां किसी से तुलना करने का कोई इरादा नहीं। अपमान का या किसी को छोटादिखाने का तो सवाल ही नहीं। मगर आजादी के बाद से भारत में जितने नेता हुएउनमें से किसी ने इतने साल, दो दशक होने वाले हैं इतना विरोध नहीं सहा।हमले बहुतों पर हुए मगर इतनी निरंतरता के साथ और अपने परायों सबके किसीपर नहीं।

हमारा मानना है कि भारतीय राजनीति में तीन नेता नई जमीन तोड़ने वाले हुए।इतिहास को नया मोड़ देने वाले। भगत सिंह, नेहरू और आंबेडकर। इसमें हमगांधी जी को शामिल नहीं करते हैं। वे सबसे ऊपर थे। और उनका काम बहुतबड़ा। विशाल। समग्रता लिए हुए। देश को आजादी दिलाने वाला।

लेकिन बाकी येतीनों अपने राजनीतिक विचारों के प्रति काफी आग्रही। और नए विचारों के साथकाम करने वाले हिम्मती नेता थे। तीनों का बड़ा काम आजादी के पहले का रहा।बाकी नेहरू और आंबेडकर का आजादी के बाद भी नव निर्माण और नए संविधान का।तीनों को बहुत विरोध सहना पड़ा। भगतसिंह को 23 साल की उम्र में हीअंग्रेजों ने फांसी पर चढ़ा दिया। नेहरू को दस साल से ज्यादा जेलों मेंरखा गया और आंबेडकर की तकलीफों का तो कहना ही क्या। सबसे बड़ा जो कष्टहोता है सामाजिक अपमान का वह सहना पड़ा। इसलिए जैसे गांधी से इन तीनों कीतुलना नहीं। ऐसे ही इन तीनों से किसी और की नहीं हो सकती।

राहुल का समय अलग है। और शायद सबसे प्रतिकूल। क्योंकि उनके मुकाबले जोनेता है वह भी अपने समय का सबसे ताकतवर नेता। प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी। उन्होंने भी अपने तरीके का नया इतिहास रचा है। 2014 तक और उसके कुछसालों बाद तक भी कोई नहीं मानता था और मानना क्या किसी की कल्पना में भीनहीं था कि मोदी इतने शक्तिशाली हो जाएंगे कि उनके सामने पूरी पार्टीशरणागत हो जाएगी। और पार्टी भाजपा से भी ऊपर संघ अपने सारे नियंत्रण छोड़देगा। वैसे हम यह नहीं मानते कि संघ पर मोदी का कंट्रोल हो गया है। हां मगर यह जरूर है कि संघ के सारे कार्यक्रम पूरे हो रहे हैं और मोदी का असरबहुत ज्यादा है तो संघ ने भी उन्हें खुली छूट दे दी है। ऐसी छूट आडवानीको भी नहीं मिली थी। और वाजपेयी को तो सवाल ही नहीं। उनका प्रभाव बढ़तादेखकर ही संघ ने अपने द्वारा भेजे गए गोविन्दाचार्य से उन्हें उसी तरहमुखोटा कहलवाया था जैसे बाद में कांग्रेस ने अर्जुन सिंह के लिए अपनीप्रवक्ता से चापलूस कहलवाया था। जिन्हें पता नहीं हो उनके समझने के लिएसंक्षेप में कि कांग्रेस ने एक प्रेस कान्फ्रेंस करवाकर अपनी प्रवक्ताजयंती नटराजन से कहलवाया था कि कांग्रेस को चापलूसी पसंद नहीं है। यहअर्जुन सिंह जैसे बड़े नेता को निपटाने के लिए कांग्रेस के कुछ मैनेजरटाइप नेताओं ने करवाया था।

खैर तो मोदी तो इस समय पार्टी में और संघ किसी भी चुनौति और सवालों सेपरे बहुत ऊंचे नेता हैं। मगर इसी समय राहुल नाम का एक नेता है जो कभीसत्ता की किसी कुर्सी पर नहीं रहा और जैसा उसके तौर तरीकों से दिखता हैकि शायद जब कभी मिले तो वह भी अपनी मां सोनिया गांधी की तरह उसे ठुकरादे।

लेकिन वह समय आएगा और आएगा भी तो कब आएगा पता नहीं। अभी तो जिस तरहविपक्ष आपस में ही एक दूसरे से हिसाब करने में लगा है उसे देखते हुए कुछभी कहना संभव नहीं है। हां, मगर एक बात कही जा सकती है। और पूरे विश्वास के साथ कि राहुल माफीनहीं मांगेंगे। राहुल की पूरी हिम्मत और मोदी पर सीधे हमले के बाद भाजपाको इसका एक ही तोड़ नजर आ रहा है कि राहुल से माफी मंगवा लें। अगर राहुलजरा भी झुके तो राहुल का जो पूरा माहौल बना है दमदारी का वह एक मिनट मेंध्वस्त हो जाएगा।

इसीलिए संसद के बजट सत्र के दूसरे पार्ट की शुरूआत भाजपा ने राहुल माफीमांगो अभियान से शुरू की। मामला अडानी का था मगर भाजपा उसे राहुल पर लेआई। अंग्रेजी में इसे कहते हैं कि शूट/ ब्लेम / किल द मैसेंजर! खतरे को,संदेश को, चेतावनी को नहीं देखो बल्कि बताने वाले पर आरोप लगा दो। इतिहासऐसी कहानियों से भरा पड़ा है। और उनके नतीजों से भी। दूत को मारनामैसेंजर पर आरोप कोई समाधान नहीं है।

लेकिन इतिहास खुद को बार बार दोहराता है। और गलतियों को तो लगातार। इसलिएसंसद शुरू होते ही इस बात का जवाब देने के बदले कि अडानी देश के बाकीउद्योगपतियों को पीछे छोड़कर नंबर एक कैसे बन गए सत्ता पक्ष यह चिल्लानेलगा कि राहुल माफी मांगे। दूत, संदेशवाहक तुम यह खबर क्यों लाए कि अडानीने देश के बैंकों का, एलआईसी का, जनता का पैसा खतरे में डाल दिया? माफीमांगो!

और फिर ये राहुल भी कम नहीं हैं। मंगलवार को एक नए सवाल के साथ आ गए किभारत की विदेश नीति का लक्ष्य क्या है? बताइए यह भी कोई बात है।दुनिया जानती है कि भारत की विदेश नीति निर्गुट आंदोलन के आधार पर दुनिया भरमें सम्मानित रही। भारत तीसरी दुनिया के देशों का नेता रहा। उसकेप्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू उनकी आवाज उठाते रहे। और यह क्या बातहुई कि आज राहुल कह रहे हैं कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी विदेशों मेंअडानी की आवाज उठाते हैं। पड़ोसी देशो पर अडानी की सहायता का दवाव बनातेहैं।

राहुल ने तथ्यों के साथ एक वीडियो इश्यू कर दिया है। भाजपा परेशान है कि इसशख्स का क्या किया जाए। परेशान कांग्रेस के नेता भी रहे। पार्टी अध्यक्षबनने के बाद ऐसा घेरा कि उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। फिर भी चैन नहीं पड़ातो एक गिरोह जिसे मीडिया बहुत सम्मानपूर्वक जी 23 कहता रहा बना डाला।राहुल के कांग्रेस के उन सोनिया तक के विरोध में जिन्होंने इन्हें सब कुछदिया खूब ऊट पटांग बोला। लेकिन राहुल को डरा नहीं पाए। और ऐसे में हीराहुल ने एक ऐसी यात्रा निकाल डाली जिसने कांग्रेसियों का तो मुंह बंद कर ही दिया सत्ता पक्ष में भी खलबली मचा दी।

अभी तक भाजपा और मीडिया बहुत सीना तान कर कहते कि मोदी के मुकाबले कौन?मगर राहुल की यात्रा के बाद पूरा सीन बदल गया अब खुद भाजपा में, संघ मेंऔर मीडिया में यह सवाल पैदा होने लगा कि क्या किसी से नहीं डरने वाले इसराहुल से अडानी बच पाएंगे? और अगर अडानी का गुब्बारा फट गया तो क्या मोदीउस धमाके से खुद को बचा पाएंगे।

भारत की राजनीति में माहौल मिनटों में बनता है। मिनटों मुहावरे में है।मतलब तेजी में। भाजपा और संघ अन्ना हजारे को लाई और पहले शीला दीक्षित काऔर फिर यूपीए सरकार का तख्ता पलट दिया। ईडी सीबीआई जेल का खतरा सबको है। संसद में 16 विपक्षी दल रोज मीटिंग करकेसाथ काम करने की बात करते हैं। अब यह नहीं हो सकता कि संसद में साथ आएंऔर संसद के बाहर नहीं। जनता उन्हें या तो एकजुट कर देगी या जो विपक्षीएकता के साथ नहीं आएंगे उन्हें भाजपा की तरफ धकेल देगी।

राजनीति में खींचने से ज्यादा शक्तिशाली हथियार है धकेलना! जो विपक्ष केसाथ आना नहीं चाहते वह मोदी के साथ हैं। जिस दिन यह मैसेज जाएगा देखनाकैसी घबराहट मचती है!



यदि कोई व्यक्ति अस्पताल परिसर में अनावश्यक रूप से परेशान करते हुये पाया जाता है तो उसके विरुद्ध

# नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी: कलेक्टर

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया जिला अस्पताल से लगातार शिकायत आ रही है कि शाम को या रात में मरीजो के परिजन द्वारा मुख्यतः जिला हॉस्पिटल के कर्मचारी और डॉक्टर से और बाकी अन्य स्टाफ के साथ गरिमा पूर्ण व्यवहार नहीं करने की बात लगातार सामने आ रही है। इस संबंध में आज स्वस्थ्य विभाग की पूरी टीम कंप्लेंट करने के लिए थाने में भी गई है। कल कोई व्यक्ति शराब पीकर जिला अस्पताल में आया था और उसके द्वारा वहां पर बहुत ज्यादा गलत व्यवहार करने की बात सामने आई है, जिसकी पहचान करके उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर चैतन्य ने कहा डी.एच.एस. बैठक में यह निर्णय लिया गया है, कि जितने भी परिजन की एंट्री करनी है वह पास सिस्टम के माध्यम से करने, हॉस्पिटल राइट डिजर्व रखती है, इसलिए कितने लोगों को प्रवेश, मिलने के समय में या बाकी समय में मरीज के साथ रहना है, वह डिसाइड किया जाएगा। पास सिस्टम से ही लोगों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा कोई व्यक्ति यदि नशे में है और सांस विश्लेषक में पॉजिटिव पाया जाता है, तो ऐसे लोगों की प्रवेश हॉस्पिटल के अंदर नहीं दिये जाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा किसी भी हॉस्पिटल या हॉस्पिटल की सामग्री को यदि कोई नुकसान पहुंचाता है या हॉस्पिटल के कर्मचारियों के



विरुद्ध गाली-गलौज करता है, अनावश्यक रूप से किसी प्रकार के दुर्व्यवहार मचाने की बात सामने आती है तो उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा पुलिस टीम को भी कहा गया है कि हॉस्पिटल टीम को कोई भी व्यक्ति वहां पर परेशान करने के उद्देश्य से आता है या उनकी बात नियमानुसार या गरिमा पूर्ण नहीं होती है तो ऐसे लोगों को हॉस्पिटल के अंदर आने की अनुमति नहीं देने कहा गया हैं। पुलिस ने भी नियमानुसार की गई है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा है कि नियम समझे, एक व्यक्ति के साथ एक परिजन की ही अनुमति दी जायेगी, उसे भी पास सिस्टम के साथ अनुमति दी जायेगी। कोई व्यक्ति जो नशे में है और मरीज नहीं है, उसे अस्पताल परिसर के अंदर आने की अनुमति नही दी जायेगी। यदि कोई व्यक्ति अस्पताल परिसर में अनावश्यक रूप से परेशान करते हुये पाया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# सऊदी अरब उमराह के लिये जायरीनों का जत्था रवाना

**खरगोन से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

खरगोन। शहर से बीती रात मुस्लिम समाज के पाक स्थल सऊदी अरब उमराह के लिये जायरीनों का जत्था रवाना हुआ। 90 सदस्यीय यह जत्था 40 दीनी मक्का, मदीना की यात्रा करेगा। इन्हें रवानगी देने के लिये मुस्लिम बस्तियों में उत्सवी माहौल रहा। रिस्तेदारो, परिजनों एवं दोस्तो ने पुष्पमालाएं पहनाकर सुरक्षित सफर एवं इबादत की कामना कर विदा किया। जत्था वाहनों के जरिये मुंबई पहुंचेगा, जहा से हवाई जहाज से सऊदी अरब पहुंचेंगे। समाजजनों ने बताया इस्लाम के अनुसार उमराह का मतलब मक्का में हरम शरीफ की जियारत करने से है, जिसे वर्ष में किसी भी समय किया जा सकता है। उमराह मुसलमानों को ईमान ताज़ा करने और खुदा से गुनाहों की माफी मांगने का मौका होता है। इस यात्रा में मुसलमान काबा के चारों और चक्कर लगाते हैं यानि तवाफ करते हैं और जिसका तवाफ पूरा हो जाता है, तो उसका उमराह मुकम्मल हो जाता है। साथ ही, अल्लाह की इबादत की जाती है और कुरान पढ़ जाता है।

# अपराधियों पर अंकुश लगाने कोतवाली पुलिस की एक और बड़ी सफलता

## 2 आरोपियों से एक देशी माउजर एवं एक धारदार हथियार बरामद





**रीतेश अवस्थी. पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** अवैध हथियारों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा लगातार सघन चेकिंग कर अपराधियों कि धड़पकड़ जारी है कोतवाली एवं देहात थाना क्षेत्र में हो रही चाकूबाजी कि घटनाओं पर अंकुश लगाने सभी थाना प्रभारियों को मुखबिर कि सूचना पर अपराधों की रोकथाम करने हेतु निर्देशित किया गया था।पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं अति पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली विजय सिंह राजपूत द्वारा शहर में लगातार चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए एक टीम गठित की गई थी। जिसमें 2 आरोपियों बंटी उर्फ दिनेश पिता शंकर सिंह निवासी जटाशंकर कॉलोनी के कब्जे से चाकू एवं आरोपी गोलू उर्फ नीलेश पिता मुन्ना सेन निवासी फुटेरा वार्ड से एक जिन्दा देशी माउजर व एक जिन्दा कारतूस को कब्जे में लेकर पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। देशी माउजर एवं एक जिन्दा कारतूस कि कीमत करीब 10100 रुपये एवं धारदार चाकू कि कीमती करीबन 200 रुपये बताई गई है इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह राजपूत, उप निरीक्षक रोहित द्विवेदी, उप निरीक्षक आलोक तिरपुडे प्रधान आरक्षक कलीम खान, आरक्षक नरेन्द्र आरक्षक योगेन्द्र, आरक्षक रूपनारायण, आरक्षक देशराज, आरक्षक कृष्ण कुमार आरक्षक जितेन्द्र सहित बड़ी संख्या में पुलिस स्टॉफ कि मौजूदगी रही।

# लाड़ली बहना योजना के तहत् वार्ड/ग्राम स्तर पर शुरू होंगे सुविधा शिविर


**दैनिक पुष्पंजली टुडे**



भिण्ड। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में एडीएम जेपी सैयाम, सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम, डिप्टी कलेक्टर पराग जैन, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन अंतर्गत लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर, उनके निराकरण के संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर लंबित शिकायतों का निराकरण समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त विभाग अधिकारियों से कहा सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण प्राथमिकता से किया जाए। निराकरण 80 प्रतिशत से कम न हो अन्यथा स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समस्त नगरीय निकाय को निर्देशित कर कहा की नगरीय निकाय अपने क्षेत्रांतर्गत सभी नालियों की साफ सफाई करायें। उन्होंने मच्छरों की बड़ती संख्या के दृष्टिगत कहा कि नगरीय निकाय द्वारा नियमित फॉगिंग कराई जाए। साथ ही नगरीय निकाय एवं मलेरिया विभाग द्वारा नालियों और जहां भी जलभराव है वहां एंटी लार्वा का छिड़काव किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि लाड़ली बहना योजना के तहत् जिले में समग्र आईडी से आधार को लिंक करने के लिये विशेष सुविधा कैम्प लगाये जायेंगे। जिले में 17, 18, 20 एवं 21 मार्च तक सुविधा शिविर नगरीय क्षेत्रों में वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन में आयोजित होंगे। जिले में मुख्यमंत्री ला?ली बहना योजना के सफल क्रियान्वयन एवं योजना के संबंधित समस्त कार्यवाही की मॉनिटरिंग के लिए जिला कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। सीईओ जिला पंचायत मनोज सरियाम ने कहा कि समस्त सीएमओ और सीईओ जनपद की जिम्मेदारी है कि विशेष सुविधा शिविर लाईट, फर्नीचर, बैठक व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

# डबल मर्डर केस के आरोपियों का अतिक्रमण हटाया गया: कलेक्टर

## 25 लाख से अधिक की शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई





**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य ने बताया हिनौता में जो डबल मर्डर केस हुआ था, उसमें राजस्व विभाग द्वारा पहचान की गई थी, जितने भी वहां पर आरोपी थे उनके द्वारा किये गये अतिक्रमण या बाकी जगह पर कोई गैरकानूनी कार्रवाई की जा रही है, उनकी पहचान की गई। वहां पर दो कच्चे मकान और एक टपरी आरोपियों की पाई गई थी, जिसका अतिक्रमण हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कुछ शासकीय भूमि पर भी अतिक्रमण कर खेती करने की बात सामने आई थी, जिसका अतिक्रमण भी आज राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा हटा दिया गया है। तहसीलदार विकास अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया जिले के पथरिया तहसील के ग्राम हिनौता में विगत कुछ दिन पूर्व गांव में घटना हुई थी उसके संबंध में आरोपियों द्वारा किए गए अतिक्रमण चेक किए गए। जिसमे शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर कुछ मकान और शासकीय जमीन पर फसल बोई पाई गई, जिसको आज हटाया गया है। उन्होंने बताया लगभग 25 लाख से अधिक की कीमत की भूमि पर कब्जा किया गया था। अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही प्रातः 9 बजे से प्रारंभ की गई थी जो कि लगभग साढे 11 से 12 बजे तक कंप्लीट हुई।



# ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर हेतु छात्र-छात्राएं रवाना

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। ज्ञानचंद्र श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय दमोह के प्राचार्य डॉ. के.पी. अहिरवार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी एवं डॉ. मीरा माधुरी महंत के द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर 15 मार्च से 21 मार्च 2023 तक शासकीय आई.टी.आई. मारूताल में प्रारंभ हो रहा है। शिविर के लिए एन.एस.एस. के जिला संगठक डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी एवं एन.एस.एस. महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मीरा माधुरी महंत, मीडिया प्रभारी डॉ. के.के.कोरी ने छात्र-छात्राओं को रवाना किया। 7 दिवसीय शिविर में छात्र-छात्राओं के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की कुरीतियों जैस मद्यपान, धूम्रपान समाप्त करने हेतु जागरूक किया जायेगा एवं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए प्रेरित किया जायेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों छात्र-छात्राओं द्वारा श्रमदान, वृक्षारोपण तथा विभिन्न प्रकार की बीमारियों जैसे कोरोना, एड्स एवं वर्तमान में प्रचलित बीमारियों के बारे में जागरूक किया जायेगा।

# विश्व उपभोक्ता दिवस पर कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व उपभोक्ता दिवस का कार्यक्रम आज जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में रखा गया जिसमें मुख्य अतिथियों के द्वारा पहले दीप उज्जवल किया गया इसके बाद मैं मां सरस्वती पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, दुनियाभर में 15 मार्च का दिन विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसका मकसद उपभोक्ता को उनके अधिकारों के बारे में बताना है। एक उपभोक्ता होने के नाते हम सभी को कुछ अधिकार मिले हुए हैं, लेकिन बहुत सारे लोगों को इसकी जानकारी नहीं होती। इस दिन तरह-तरह के अभियान चलाए जाते हैं और इनके जरिए उपभोक्ताओं को जागरुक करने का प्रयास किया जाता है। भारत में 24 दिसम्बर को ÷राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस÷ के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपभोक्ता संरक्षण आयोग शिवपुरी के अध्यक्ष गौरी शंकर दुबे ने कहा कि जो केस उपभोक्ताओं के हितों में हैं केवल वही केस हमें दायर करना चाहिए, जो केस उपभोक्ताओं



के हित में नहीं है उन्हें दायर नहीं करना चाहिए, वही उन्होंने आगे कहा कि कोई भी मामला होने के दिन से लेकर उपभोक्ता 2 साल के अंदर तक केस दायर कर सकते हैं इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनाना है। बाजार में होने वाली ग्राहक जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावटी चीज़ों का वितरण, तय मूल्य से ज्यादा दाम वसूलना, बिना मानक चीज़ों की बिक्री, ठगी, नाप-तौप में अनियमितता, गारंटी के बाद भी सर्विस नहीं देने के अलावा उपभोक्ताओं के प्रति होने वाले अपराधों को देखते हुए इस दिन जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, वहीं ग्राहक पंचायत शिवपुरी कि ओर से अहम् भूमिका निभाते हुये सभी सदस्य मौजूद रहे जिसमें ग्राहक पंचायत के उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रशान्त शर्मा ने कहा कि 15 मार्च 1962 को, राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने अमेरिकी कांग्रेस को ऑफिशियली संबोधित करते हुए उपभोक्ता अधिकारों के मुद्दे को मजबूती से उठाया था। उपभोक्ता अधिकारों की बात करने वाले वे दुनिया के पहले लीडर थे। ग्राहक पंचायत के गठन एवं कार्यो तथा भारत मे उपभोक्ता दिवस पहली बार 15 मार्च 1986 को मनाया गया था। तब से हर साल यह दिन मनाया जा रहा है। उपभोक्ता संरक्षण आयोग की ओर से अध्यक्ष गौरी शंकर दुबे, अंजू गुप्ता, राजीव कृष्ण शर्मा, उपस्थित रहे वहीं खाद्य विभाग की ओर से खुशबू शुक्ला और विभाग के लोग मौजूद रहे, वही ग्राहक पंचायत शिवपुरी के उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रशांत शर्मा, सचिव दाताराम प्रजापति, वीरेंद्र रावत, व जिला मीडिया प्रभारी पत्रकार मोहन विकट मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# श्री बिलावास गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में गौ भक्ति संध्या एंव विराट कवि सम्मेलन 17 मार्च को

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। श्री बिलावास गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में विशाल गो भक्ति संध्या एवं विराट कवि सम्मेलन 17 मार्च 2023 शुक्रवार को पैलेस ग्राउंड में आयोजित किया जा रहा है।जैसा की विधित है बिलावास गौशाला में लगभग 1200 गाय हैं विशाल भक्ति संध्या में में देश के कोने कोने से नागरिक पधारेंगे एवं मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं बिलावास से घनश्याम दास जी महाराज विशेष रुप से यहां पधारे।गायों की समुचित व्यवस्था हेतु दानदाताओं के समय-समय पर सहयोग से गौशाला में विशाल लगभग 17000 ह्यद्बह्ल का गोडाउन 9000हजार ह्यद्बह्ल के तीन ग्रीन शेडो का निर्माण कराया गया जिससे गायों को सर्दी गर्मी बारिश में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना रहे ऐसी सभी व्यवस्था की गई है ! कृष्णा भगवान का मंदिर भी निर्माणाधीन अवस्था में है ! और मार्बल का एक विशाल गेट भी बनाया जा रहा है !वह भक्ति संध्या में राजस्थान प्रसिद्ध गौ भक्त ओमजी मुंडेल अपनी प्रस्तुति प्रदान करेंगे एवं प्रसिद्ध कवि और कवित्री अपनी प्रस्तुति प्रदान कर गौ भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे! यह जानकारी गौशाला के अध्यक्ष इंदर चंद बोहरा एवं सचिव नरेंद्र आच्छा खजांची अमराराम चोयल सह सचिव लक्ष्मण अगलेचा ने प्रदान की !

# मोहझरी में संपन्न हुई नक्सल उन्मुलन अभियान अंतर्गत विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती के लिए दौड़ और साक्षात्कार

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**



पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार बालाघाट जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे नक्सल उन्मुलन अभियान अंतर्गत नक्सल प्रभावित विकासखण्ड परसवाडा, बैहर, बिरसा, किरनापुर और लांजी के लिये विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती के लिये आवश्यक गतिविधियां कराई जा रही है। यह पहला मौका है जब इस तरह की सीधी भर्ती जिले में विकासखंड स्तर पर आयोजित की गई है। इसी कड़ी में विकासखंड लांजी अंतर्गत ग्राम मोहझरी के खेल मैदान में सीधी भर्ती के लिए सुबह दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ने वाले चयनित धावकों का साक्षात्कार की प्रक्रिया अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। भर्ती स्थल पर अभ्यार्थियों के स्वास्थ्य और अन्य आवश्यकता के लिए सुविधायें की गई थी।

## इनका कहना है

विशेष सहयोगी दस्ता से नक्सल उन्मूलन अभियान में अच्छी सफलता मिलेगी।

**समीर सौरभ एसपी बालाघाट**

जिले के पुलिस कप्तान समीर सौरभ ने चर्चा में बताया कि विशेष सहयोगी दस्ता भर्ती अभियान अंतर्गत बालाघाट जिले को 80 पद दिये गये है उसी के संदर्भ मे आज लांजी विकासखण्ड में शारीरिक दक्षता परीक्षण और उसके बाद इंटरव्यू किया गया है। इंटरव्यू के पश्चात जिले की मेरिट सूची तैयार की जायेगी। जिन अभ्यार्थियों का जैसा जिसका परफार्मेंस रहेगा वैसा सिलेक्शन किया जायेगा।






एक नजर...

## पहला स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी-20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट बुधवार से




**नई दिल्ली,** । स्वामी दयानंद सरस्वती डे-नाईट टी20 इंटर कॉलेज टूर्नामेंट के पहले संस्करण की शुरुआत राजधानी के पीजीडीएवी कॉलेज में बुधवार से होगी। पीजीडीएवी कॉलेज की प्राचार्या प्रो. कृष्णा शर्मा ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि देश स्वामी दयानंद सरस्वती का 200वां जन्मशताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी उत्सव को ध्यान रखते हुए पीजीडीएवी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग ने क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन का फैसला किया। शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. पवन कुमार डबास ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन कल दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स (डीसीएसी) और कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज (सीवीएस) के बीच मुकाबले से होगा। इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय के 12 कॉलेजों की क्रिकेट टीमें हिस्सा लेंगी। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप-ए में डीसीएसी, आत्माराम सनातन धर्म कॉलेज (एआरएसडी) और महाराजा अग्रसेन कॉलेज हैं। ग्रुप बी में रामलाल आनंद कॉलेज (आरएलए), श्यामलाल कॉलेज और सेंट स्टीफन्स कॉलेज को रखा गया है। ग्रुप-सी में हिन्दू कॉलेज, ज़ाकिर हुसैन कॉलेज सहित इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा और खेल विज्ञान संस्थान है। ग्रुप डी में गुरुनानक देव खालसा कॉलेज, सीवीएस सहित मेजबान पीजीडीएवी कॉलेज है। टूर्नामेंट में 12 लीग मैच, दो सेमीफाइनल और 28 मार्च को होने वाले खिताबी मुकाबले सहित 15 मुकाबले खेले जायेंगे। डॉ पवन डबास के अनुसार इस वर्ष अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में पीजीडीएवी कॉलेज टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। कॉलेज में फुटबॉल, मुक्केबाजी, वॉलीबॉल, ताइक्वांडो आदि पर भी जोर दिया जाता है।

## स्वीयाटेक ने आंद्रेसेस्कू को हराया

**इंडियन वेल्स,** । विश्व की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वीयाटेक ने बियांका आंद्रेसेस्कू को कड़े संघर्ष में 6-3, 7-6 (1) से हराया और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 16 में पहुंच गयीं। आंद्रेसेस्कू मैच में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद टाई ब्रेक में स्वीयाटेक को नहीं रोक सकीं और सोमवार रात आठ में से सात अंक हार गयीं। स्वीयाटेक इस समय एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने इस वर्ष कोई तीन सेट का मैच नहीं खेला है।

# हार्दिक 2023 विश्व कप के बाद बन सकते है कप्तान: गावस्कर

**मुंबई** ■ भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि हार्दिक पंड्या को इस साल विश्व कप के बाद एकदिवसीय टीम के नेतृत्व करने का दावा पेश करने के लिए शुक्रवार को यहां पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जीतना होगा। नियमित कप्तान रोहित शर्मा पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण वानखेड़े स्टेडियम में होने वाले पहले एकदिवसीय मैच में नहीं खेल पाएंगे।




पंड्या को इस मुकाबले के लिए कार्यवाहक कप्तान नामित किया गया है। इस 29 साल के हरफनमौला ने इंडियन प्रीमियर लीग 2022 सत्र में पहली बार खेल रही गुजरात टाइटन्स की कप्तानी की थी और टीम को चैम्पियन बनाने में अहम योगदान दिया था। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहले से ही भारतीय टीम की अगुवाई कर रहे हैं। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, मैं टी20 प्रारूप में गुजरात टाइटन्स और फिर भारत के लिए उसकी कप्तानी से बहुत प्रभावित हूं।

मेरा मानना है कि अगर वह मुंबई में पहला मैच जीत जाता है, तो 2023 में विश्व कप खत्म होने के बाद आप भारत के कप्तान के लिए उसके नाम पर मुहर लगा सकते हैं। गावस्कर ने कहा कि मध्यक्रम में पंड्या की मौजूदगी भारत के लिए काफी अहम है। उन्होंने कहा, वह मध्यक्रम में 'इंपैक्ट (प्रभाव छोड़ने वाला) और गेम चेंजर (मैच का रूख तय करने वाला)' खिलाड़ी हो सकता है। यहां तक कि गुजरात टीम के लिए भी वह यह जरूरत के मुताबिक ऊपर के क्रम में बल्लेबाजी के लिए आता था।

इस पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज ने कहा, वह ऐसा खिलाड़ी है जो जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करता है। वह दूसरे खिलाड़ियों को कुछ ऐसा करने के लिए नहीं कहेगा जो वह स्वयं करना चाहता है। वह इस टीम के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। गावस्कर ने कहा कि पंड्या की कप्तानी शैली भी उन्हें दूसरे खिलाड़ियों के बीच पसंदीदा बनाती है। उन्होंने कहा,आपने देखा होगा कि कप्तान के रूप में हार्दिक पंड्या दूसरे खिलाड़ियों को सहज रखते हैं। वह खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाकर स्थिति को ठीक से संभालता है।

## भारत के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खेलेंगे वार्नर

**अहमदाबाद** ■ ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर कोहनी की चोट से उबरने के बाद भारत के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में टीम का हिस्सा होंगे। कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। वार्नर ने भारत के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के शुरूआती दो टेस्ट में खेले थे। इस दौरान वह तीन पारियों में महज 26 रन ही बना सके। दिल्ली में खेले गए दूसरे मैच में कनकशन (सिर में चोट) के कारण वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके थे। वह अपनी कोहनी में हेयरलाइन फ्रेक्चर से उबरने के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गये थे। मैकडोनाल्ड ने यहां कहा,वह (वार्नर) एकदिवसीय श्रृंखला के लिए (भारत) वापस आ रहे हैं, वह अपनी चोट से उबर चुके हैं। उन्होंने कहा कि वार्नर भारत के खिलाफ जून में खेले जाने वाले विश्व टेस्ट चेम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फानइल के लिए उनकी टीम की योजना का हिस्सा है।



मैकडोनाल्ड ने कहा, वार्नर फिलहाल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए पूरी तरह से हमारी योजनाओं में हैं। वार्नर ने 103 टेस्ट में 45.57 की औसत से 8158 और 141 एकदिवसीय में 45.16 की औसत से 6007 रन बनाये है। मैकडोनाल्ड ने यह भी पुष्टि की कि फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है।

# बड़ा स्कोर नहीं बनाना लगातार परेशान कर रहा था: कोहली

### विराट ने कहा, मुझे टीम के लिए प्रदर्शन करने में बहुत गर्व महसूस होता है।

**अहमदाबाद** ■ भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने स्वीकार किया है कि लंबे समय तक टीम के लिए कोई ठोस योगदान नहीं देना उन्हें लगातार परेशान कर रहा था। उन्होंने भारतीय कोच राहुल द्रविड़ के साथ बातचीत में कहा कि टेस्ट में एक बड़ा शतक बनाने की बेताबी में उन्होंने उम्मीदों को खुद पर हावी होने दिया। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में 186 रन की पारी खेली और तीन साल से अधिक समय के टेस्ट शतक के सूखे को खत्म किया।

यह उनके टेस्ट करियर का 28वां जबकि कुल 75वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। उन्होंने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की वेबसाइट पर जारी वीडियो में कहा, ईमानदारी से कहूं तो अपनी खामियों के कारण मैंने खुद पर परेशानी को हावी होने दिया। उन्होंने कहा,क्रिकेट में तीन अंकों का आंकड़ा हासिल करने की बेताबी ऐसी चीज है जो एक बल्लेबाज के रूप में आप पर हावी हो सकती है। मैंने कुछ हद तक अपने साथ ऐसा होने दिया। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि मैं ऐसा




खिलाड़ी नहीं हूं जो 40-45 रन से खुश रहूं। मुझे टीम के लिए प्रदर्शन करने में बहुत गर्व महसूस होता है।

उन्होंने कहा, जब मैं 40 रन पर बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो मुझे पता होता है कि मैं 150 रन बना सकता हूं। लेकिन ऐसा नहीं होना मुझे लगातार परेशान कर रहा था। द्रविड़ ने उनसे जब पूछा कि इस प्रतिकूल समय से निपटना कितना मुश्किल था तो कोहली ने कहा, अगर मैं सच कहूं तो यह थोड़ा मुश्किल हो जाता है क्योंकि जैसे ही आप होटल के कमरे से बाहर कदम रखते हैं, बाहर के आदमी से लेकर लिफ्ट में मौजूद व्यक्ति, बस ड्राइवर हर कोई कह रहा है 'हमें आपके बल्ले से शतक चाहिए।

कोहली ने कहा,ऐसे में यह आपके दिमाग में चलता रहता है, लेकिन इतने लंबे समय तक खेलने का फायदा यह है कि आप इस तरह की मुश्किल परिस्थितियों से निपटना सीख जाते है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी शतकीय पारी के दौरान लगभग साढ़े आठ घंटे और 364 गेंद तक बल्लेबाजी की। उन्होंने इस दौरान संयम का परिचय देते हुए लगातार 162 गेंदों पर कोई चौका नहीं लगाया। उन्होंने अपना पांचवां चौका 89वीं गेंद पर लगाया जबकि छठा चौका उनकी पारी की 251 वीं गेंद पर आया।

इस बातचीत में द्रविड़ ने कहा कि वह भी पूर्व कप्तान के बल्ले से बड़ी शतकीय पारी देखने के लिए बेताब थे और आखिर में यह सार्थक रहा क्योंकि कोहली ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा,मैंने उन्हें एक खिलाड़ी के तौर पर देखा है। मैंने टेलीविजन पर उनकी कई शतकीय पारियों को देखने के साथ कोचिंग का जिम्मा मिलने पर पिछले 15-16 महीने में उनके बल्ले से शतकीय पारियों (टी20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे) का लुत्फ उठाया है। मैं भी ड्रेसिंग रूम से उनकी टेस्ट में शतकीय पारी का लुत्फ उठाने के लिए बेताब था।

भारतीय कोच ने कहा,आपके इस टेस्ट शतक का आनंद लेना शानदार एहसास था। यह बेहतरीन पारी थी। आपने मुझे लंबे समय तक इसका इंतजार कराया लेकिन जिस तरह से आपने पारी को आगे बढ़ाया, उसे देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। इस टेस्ट से पहले कोहली का पिछला शतक नवंबर 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट में आया था।

## स्टिमक ने शिविर के लिए टीम की घोषणा की

**कोलकाता** ■ भारतीय फुटवाल टीम के कोच इगोर स्टिमक ने बुधवार से यहां शुरू होने वाले राष्ट्रीय शिविर के लिए 23 सदस्यीय अस्थायी टीम की घोषणा की है जिसमें सुनील छेत्री और मनवीर सिंह की अग्रिम पंक्ति की जोड़ी भी शामिल है।



भारतीय टीम तीन देशों के टूर्नामेंट के लिए इंफाल की यात्रा से पहले कोलकाता में पांच दिवसीय शिविर में भाग लेगी। टूर्नामेंट का आयोजन 22 से 28 मार्च तक खुमान लंपक स्टेडियम में होगा। इसमें भारत के अलावा म्यांमा और किर्गिज गणराज्य की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की घोषणा इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल (18 मार्च) के बाद की जायेगी। शिविर के लिए चुने गये 23 में 14 बुधवार को यहां पहुंचेंगे जबकि अन्य नौ (बेंगलुरू एफसी और एटीके मोहन बागान एफसी के खिलाड़ी) आईएसएल फाइनल के एक दिन बाद 19 मार्च को आयेंगे। इसके अलावा 11 खिलाड़ियों को भी रिजर्व के रूप में नामित किया गया है, और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें शिविर के के लिए बुलाया जायेगा।

शिविर के लिए टीमः गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, फुरबा लाचेंपा टेम्पा, अमरिंदर सिंह।

## गर्भवती महिलाओं को स्वादिस्ट एबं पोस्टिक भोजन देना अति आवश्यक :नीलम दीक्षित

पुष्पांजली टुडे




ग्वालियर। फैमिली प्लैनिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ग्वालियर शाखा एबं ग्रसिम इंडस्ट्रीस विक्रम वूलेन मलानपुर के सहयोग से ग्राम घिरोंगी मालनपुर मैं आंगनवाड़ी पर गर्भवती महिलाओं हेतु गोद भराई का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें संस्था के कार्यक्रम अधिकारी श्री अच्छेद्र सिंह कुशवाह जी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में संस्था की गतिविधियों एवं स्वास्थ्य सेवाओं व कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी 7 कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रुप में संस्था की शाखा प्रबंधक श्रीमती नीलम दिक्षित जी उपस्तिथ थी उन्होंने अपने उद्बोधन में महिला स्वास्थ्य एवं पोषण आहार पर विस्तृत पूर्वक जानकारी दी गई उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का संपूर्ण ध्यान रखना चाहिए एवं पोस्टिक संतुलित आहार जिससे खून की कमी एवं स्वस्थ शिशु जन्म ले सकें नो महीने मैं तीन अल्ट्रासाउंड कराना सुनिश्चित करें जिससे बच्चे की गतिविधियां पता चल सके और समय रहते इलाज हो सके क्योंकि स्वस्थ महिला होगी तो स्वस्थ शिशु को जन्म देगी आधी जानकारी विस्तृत पूर्वक दी गई 7 कार्यक्रम में ग्रसिम इंडस्ट्रीस विक्रम वूलेन की और से से विशिष्ट अतिथि के रूप श्री पंकज श्रीवास्तव जी उपस्तित थे उन्होंने कहा कि यह कार्य बहुत ही सराहनीय है जिससे परिवार में खुशहाली जैसा माहौल उत्पन्न रहता है एवं सामाजिक कार्य और सांस्कृतिक कार्य से जुड़ा कार्यक्रम गोद भराई कार्यक्रम उचित है उन्होंने गोद भराई कार्यक्रम की प्रशंसा की 7 कार्यक्रम में संस्था के स्वास्थ्य कार्यकर्ता श्रीमती गीता सूर्यवंशी द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं शिशु का संपूर्ण टीकाकरण ब मातृ एवं शिशु कार्ड एवं शासन की नवीन योजनाओं की संपूर्ण जानकारी दी गई कार्यक्रम के अंत में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ममता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया एवं पुष्पा जी द्वारा संचालन किया गया 7 कार्यक्रम 11 महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम एवं खुशहाल जीवन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम समापन किया गया।

## एकदिवसीय श्रृंखला के लिए नहीं लौटेंगे कमिंस

**अहमदाबाद** । स्टीव स्मिथ भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व करना जारी रखेंगे क्योंकि नियमित कप्तान पैट कमिंस भारत नहीं लौट रहे हैं।

बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के शुरुआती दो टेस्ट के बाद कमिंस मां की बीमारी के कारण स्वदेश लौट गये थे।

स्तन कैंसर से जूझने के बाद उनकी मां मारिया का हालांकि पिछले सप्ताह निधन हो गया था।

## मनिका सिंगापुर स्मैश में महिला और मिश्रित युगल में हारी

**सिंगापुर** ■ मनिका बत्रा की महिला और मिश्रित युगल दोनों मुकाबलों में हार के साथ मंगलवार को यहां सिंगापुर स्मैश टेबल टेनिस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई।

मनिका और जी साथियान को हिना हयाता और टोमोकाजु हारिमोतो की जापान की विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता जोड़ी के खिलाफ मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

मनिका और साथियान की छठी वरीय जोड़ी को चौथी वरीय विरोधी जोड़ी के खिलाफ



अंतिम आठ के मुकाबले में 52 मिनट में 2-3 (9-11 9-11 11-8 11-5 7-11) से हार झेलनी पड़ी। मनिका और साथियान ने जियान झेंग और च्यु झी यू क्लेरेंस की सिंगापुर की जोड़ी को प्री क्वार्टर फाइनल में 3-1 (11-7, 12-10, 9-11, 11-3) से हराया था।

# समाचार-आसपास

## गुडविल और एम 2एम जीते

**नई दिल्ली,** । मैन आफ द मैच अजय थापा और विशाल हारिजन के दर्शनीय गोलों की मदद से एम 2एम एफसी ने हॉप्स एफसी को 2- 1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मुकाबले में हॉप्स ने 56 वें मिनट में वैभव के गोल से बढ़त बनाई। लेकिन पिछड़े के बाद एम 2एम ने बेहतर प्रदर्शन किया चार मिनट में विशाल और थापा के दो गोलों से पांसा पलट दिया।



दिन के दूसरे मैच में गुडविल फुटवाल क्लब ने मैन आफ द मैच ज़िदाने खुंडोगवाम के शानदार खेल के चलते यंग ब्वॉयज पर 4-0 की आसान जीत दर्ज की। विजेता के लिए जिश्नु कोहली, अरुण सिंह अधिकारी और मनवोम मोसांग ने गोल जमाए। एक गोल आत्मघाती रहा। बुधवार, 15 मार्च को 3.45 बजे अंबेडकर स्टेडियम पर खेले जाने वाले मैच में शिमला यंग को अजमल से खेलना है।

## रूस को फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने का निमंत्रण मिला

**सियोल,एपी।** रूस को जून में प्रस्तावित मध्य एशियाई फुटबॉल संघ चैंपियनशिप के शुरुआती सत्र में सात अन्य राष्ट्रीय टीमों के साथ भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से रूस की टीम पर यूरोपीय फुटबॉल संघ (यूएफा) और फीफा ने प्रतिबंध लगा दिया था। ताजिकिस्तान फुटबॉल संघ ने हालांकि सोमवार को बताया कि इस नये क्षेत्रीय टूर्नामेंट में रूस के अलावा पूर्व में सोवियत संघ का हिस्सा रहे ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और किर्गिस्तान की टीमें शामिल हो सकती है।

इसमें अफगानिस्तान, ईरान और एक अन्य देश (जिसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है) शामिल होगा। टूर्नामेंट का आयोजन बिश्केक (किर्गिस्तान) और ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में होगा। ताजिकिस्तान फुटबॉल संघ के मुताबिक, रूस पहले ही निमंत्रण स्वीकार कर चुका है। लेकिन रूस की फुटबॉल संघ ने सरकारी मीडिया से कहा,हम इस टूर्नामेंट में अपनी राष्ट्रीय टीम की भागीदारी की संभावना और शर्तों के बारे में चर्चा कर रहे हैं।

## हैदराबाद एफसी को हराकर एटीके मोहन बागान फाइनल में

**कोलकाता** । एटीके मोहन बागान ने हैदराबाद एफसी को रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में पेनल्टी शूट आउट में 4-3 से हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना बेंगलुरू एफसी से होगा। पहले चरण का मुकाबला गोल रहित बराबर रहने के बाद दूसरे चरण में भी नियमित और अतरिक्त समय के 120 मिनट के बाद दोनों टीम गोल करने में नाकाम रही जिसके बाद नतीजे के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। एटीके मोहन बागान के कप्तान प्रीतम कोटल ने सफल प्रयास के साथ पेनल्टी शूटआउट में अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। जेवियर सिवेरियो के प्रयास को विफल करने का श्रेय एटीके मोहन बागान के गोलकीपर विशाल केथ जाता है। विजेता टीम के लिए दिमित्री पेट्राटोस, फेडेरिको गैलेगो और मनवीर सिंह अन्य स्कोरर रहे।

# सारा की फिल्म 'गैसलाइट' का ट्रेलर रिलीज

सारा अली खान, चित्रांगदा सिंह और विक्रांत मैसी अभिनीत फिल्म 'गैसलाइट' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सारा मीशा नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो दिव्यांग है और 15 साल बाद परिवार के पुश्तैनी घर में लौटती है, लेकिन अजीब घटनाओं के बीच फंस जाती है। फिल्म के बारे में बात करते हुए, सारा अली खान ने कहा, 'गैसलाइट' एक भयानक स्टोरी है।


यह मीशा के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने पिता के गायब होने के पीछे की सच्चाई का पता लगाने की कोशिश कर रही है। अपने प्रयास के दौरान, वह कई अजीब और भयानक घटनाओं का सामना करती है। मानसिक और शारीरिक रूप से इस किरदार में उतरना चुनोतीपूर्ण था। फिल्म में चित्रांगदा सिंह ने रुक्मिणी और और विक्रांत मैसी ने कपिल का किरदार निभाया है। मीशा अपने आसपास हो रही हर चीज पर सवाल उठाती है। मीशा सच्चाई को सामने लाने के लिए जितनी गहराई में जाती है, उतने ही रहस्य उसको उलझा देते हैं।

विक्रांत मैसी ने कहा, गैसलाइट की शूटिंग के दौरान यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, फिल्म एक मर्डर मिस्ट्री है जिसमें प्रत्येक किरदार की सच्चाई को उजागर किया गया है जो इसे और अधिक दिलचस्प बनाता है। कपिल एक जटिल किरदार है। रमेश तौरानी, टिप्स फिल्म्स लिमिटेड और अक्षय पुरी द्वारा निर्मित, 12वीं स्ट्रीट एंटरटेनमेंट और पवन कृपलानी द्वारा निर्देशित फिल्म 31 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी। इसमें अक्षय ओबेरॉय भी हैं।



# फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शूटिंग पूरी

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्मकार करण जौहर ने फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के सेट से कुछ बीटीएस फोटो शेयर की है।तस्वीरों में देखा जा सकता है कि रणवीर और आलिया ने 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' शूटिंग खत्म होने के बाद हवन किया। इस दौरान करण जोहर भी उनके साथ दिखे।अन्य तस्वीरों में करण जोहर बाकी कास्ट के साथ सेट पर काम करते हुए नजर आ रहे हैं।



इन तस्वीरों के बीच उनके साथ धर्मेंद भी दिखाई दिए। सेट की तस्वीरें को शेयर करते हुए करण जोहर ने केप्शन में लिखा, साल हो गए है, जब मैंने एक फिल्म का निर्देशन किया था। मैंने एक फिल्म की यात्रा शुरू की थी, जिसे मुझे कई कारणों से बीच में ही रोकनी पड़ी और फिर मुझे सबसे अच्छी टीम का आशीर्वाद मिला। एक टीम इतनी प्यार से भरी हुई थी कि उन्हें अलविदा कहना आसान नहीं था। इतने शानदार कलाकारों के साथ काम करके मैं धन्य हूं। इस टीम ने मुझे हर वक्त सपोर्ट किया है।

हम 28 जुलाई को आप सभी के साथ अपने प्यार, परिवार, मौज-मस्ती और आनंद को साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकते हैं। आपसे फिल्म में मिलते हैं। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य किरदार में नजर आयेंगी। यह फिल्म 28 जुलाई, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 2024 में रिलीज होगी अजय की सिंघम अगेन



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की आने वाली फिल्म सिंघम अगेन दीवाली 2024 पर रिलीज होगी। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम वर्ष 2011 में रिलीज हुयी थी। इसी फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म 'सिंघम रिटर्न्स' वर्ष 2014 में प्रदर्शित हुयी।इस फिल्म का तीसरा पार्ट सिंघम अगेन आ रहा है। इस फिल्म को अगले साल दिवाली पर रिलीज किया जाएगा। ट्रेड एनालिस्ट तरन आदर्श ने अपने ट्वीट में लिखा है, एक्सक्लूसिव...अजय देवगन रोहित शेट्टी 'सिंघम अगेन' दिवाली 2024 पर। 'सिंघम अगेन' रोहित शेट्टी की सुपर सक्सेसफुल फ्रेंचाइजी 'सिंघम' का तीसरा पार्ट है। यह दिवाली 2024 पर रिलीज होगी।

# इंजरी के बावजूद जिम जाते हैं ऋतिक रोशन



बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन अपनी फिटनेस और कड़े वर्कआउट से अपने प्रशंसकों को प्रेरित करते रहते हैं। अभिनेता चोटों (इंजरी) और अन्य स्वास्थ्य स्थितियों के बावजूद अपनी फिटनेस दिनचर्या को जारी रखने में विश्वास रखते हैं। हाल ही में, अभिनेता ने अपने फिटनेस ट्रेनर के साथ जिम से एक वीडियो साझा किया, जिसमें देखा गया कि वह अपनी बाईं बाइसेप्स टेंडन इंजरी के बाद भी वर्कआउट कर रहे थे। अभिनेता ने वीडियो के केप्शन में लिखा, हंसी उस सुबह एजेंडे में नहीं थी।

# बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान हुए 58 साल के

बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता आमिर खान आज 58 वर्ष के हो गये। आमिर खान का जन्म 14 मार्च 1965 को मुंबई मे हुआ। उनके पिता ताहिर हुसैन और चाचा नासिर हुसैन जाने-माने फिल्म निर्माता थे। घर में फिल्मी माहोल के कारण आमिर खान की रूचि भी फिल्मों में हो गयी और वह अभिनेता बनना का सपना देखने लगे। आमिर खान ने अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 1973 में बतौर बाल कलाकार अपने चाचा नासिर हुसैन के बेनर तले बनी फिल्म..यादो की बारात.. से की। बाद में उन्होंने वर्ष 1974 में प्रदर्शित फिल्म ..मदहोश.. में भी बतौर बाल कलाकार काम किया।

इसके बाद उन्होंने लगभग 11 वर्षो तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया । वर्ष 1984 में प्रदर्शित फिल्म ..होली ..से आमिर खान ने बतौर अभिनेता सिने करियर की शुरूआत की, लेकिन दर्शको के बीच अपनी पहचान बनाने में असफल रहे। लगभग चार वर्ष तक मायानगरी मुंबई में संघर्ष करने के बाद 1988 में अपने चाचा नासिर हुसैन के बेनर तले बनी फिल्म ..कयामत से कयामत तक ..की सफलता के बाद आमिर खान बतौर अभिनेता फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने में सफल हो गये।फिल्म में अपने दमदार अभिनय के लिये उन्हें उस वर्ष नवोदित अभिनेता का फिल्म फेयर पुरस्कार प्राप्त हुआ।



वर्ष 1994 में राजकुमार संतोषी निर्देशित फिल्म ..अंदाज अपना अपना ..में आमिर खान के अभिनय का नया रंग देखने को मिला। इस फिल्म के पहले उनके बारे में यह बात की जाती थी कि वह केवल रूमानी भूमिका ही निभा सकते हैं लेकिन आमिर खान ने अभिनेता सलमान खान के साथ अपने हास्य अभिनय से दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिल्म में अपने बेहतरीन अभिनय के लिये वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार के लिये नामांकित भी किये गये। वर्ष 1994 में ही प्रदर्शित फिल्म ..बाजी ..में उनके अभिनय का नया रूप देखने को मिला। रोचक बात यह है कि इस फिल्म के एक गाने में आमिर खान ने एक लड़की की भूमिका निभाई और इसके लिये उन्होंने अपने पूरे शरीर पर वेक्सिन का इस्तेमाल किया । वर्ष 1996 में आमिर खान के सिने करियर की एक और महत्वपूर्ण फिल्म ..राजा हिंदुस्तानी ..प्रदर्शित हुयी। इस फिल्म में उन्होंने अपने दमदार अभिनय से एक बार फिर से दर्शको का भरपूर मनोरंजन किया।

इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि फिल्म में एक गाने के दौरान आमिर खान को नशे में अभिनय करना था और आमिर खान ने व्यक्तिगत जिंदगी में कभी शराब नहीं पी थी। फिल्म में शराबी के किरदार को रूपहले पर्दे पर वास्तविक तौर पर पेश करने लिये आमिर खान ने अपनी जिंदगी में पहली बार शराब का सेवन किया और अभिनय किया। वर्ष 1998 में आमिर खान के सिने करियर की एक और सुपरहिट फिल्म ..गुलाम ..प्रदर्शित हुयी।

इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि फिल्म के एक दृश्य के दौरान आमिर खान को ट्रेन के विपरीत दिशा में दौड़ लगानी होती है और फिल्म के दृश्य को चेलेंज के रूप में लेते हुये मौत की परवाह किये बिना वह ट्रेन के सामने आने से भी नही हिचके और दर्शको को रोमांचित कर दिया ।

विचार पेज का शेष

# इक्विटीने ली कर्ज की जगह, मेगा प्रोजेक्टों पर सवाल

रिलायंस और टाटा के पास तो पर्याप्त नकदी है लेकिन यह जाहिर हो कि अडाणी को कई तरह के उद्योगों में निवेश की अपनी कई योजनाओं पर पुनर्विचार करना पड़ेगा।

वास्तव में, हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद उन्होंने निवेश के कुछ अवसरों को छोड़ दिया है और हो सकता है कि निवेश की जगह वे विनिवेश शुरू कर दें। इंतजार इसका भी करना पड़ेगा कि सेमीकंडक्टर की एक परियोजना के लिए फॉक्सकॉम के साथ गठबंधन करने वाली वेदांत भी क्या इसी तरह अपनी कुछ परियोजनाओं से हाथ खींचने को मजबूर होती है या नहीं। जेएसडब्लू समूह के कर्ज को 1 ट्रिलियन रुपये से ज्यादा का आंका गया है। इसे काबू में रखने लायक माना जाता है, लेकिन यह और ज्यादा कर्ज के लिए कम गुंजाइश ही छोड़ता है।

इसका अर्थ यह है कि भारत को 'नेशनल चैंपियनों' का बड़ा आधार चाहिए। कई कंपनियों ने हाल के वर्षों में कर्ज-इक्विटी का अपना अनुपात बेहतर कर लिया है लेकिन क्या वे इतनी बड़ी हैं कि मेगा परियोजनाओं को संभाल सकें? अगर नहीं, तो सरकार को इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र पर निर्भर करना पड़ेगा। इसमें दिक्कत यह है कि बजट के जरिए पहले ही काफी पूंजीगत निवेश किया जा चुका है और जनता के पैसे को इस तरह निवेश करने की गुंजाइश कम है कि वित्तीय गणित गंभीर रूप से गड़बड़ न हो। जाहिर है, कुछ योजनाओं पर पुनर्विचार ही करना पड सकता है।

(साभार- दि प्रिंट)


दिलचस्प

# 'नाटू नाटू' के सिंगर्स ने रिहाना से की मुलाकात



95 वें एकेडमी अवार्डस के मोके पर ऑस्कर विनर सॉन्ग 'नाटू नाटू' के सिंगर काल भैरव और राहुल सिप्लिगुंज की मुलाकात हॉलीवुड की मशहूर सिंगर रिहाना से हुई। इस मुलाकात की तस्वीर काल भैरव ने सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीर में सुपरस्टार सिंगर के साथ राहुल सिप्लिगुंज और कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित भी पोज देते नजर आ रहे हैं। उन्होंने ट्वीट किया, मेरे पास शब्द नहीं है इसे बयां करने के लिए। एक ऐसी कलाकार, जिसे हमने हमेशा देखा और उसकी तारीफ की! मेरी प्रेरणा, मेरी क्वीन रिहाना। उन्होंने लिखा, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं उन्हें कितना प्यार करता हूं। मैंने उन्हें लाखों बार सुना होगा। ये यादगार पल हमेशा मेरे दिल में रहेगा। काल भैरव ने आगे लिखा है कि जब रिहाना ने पिछली रात परफॉर्म किया तो 'नाटू नाटू' टीम सचमुच उनके परफॉर्मेंस में खो गई।

# बाल-बाल बचे एक्टर सयाजी शिंदे



ग्रीन एक्टिविस्ट और मराठी और हिंदी फिल्मों के अभिनेता सयाजी शिंदे पुणे-बेंगलुरु राजमार्ग पर एक वृक्षारोपण अभियान में भाग लेने के दौरान मधुमक्खी के हमले में बाल-बाल बच गए। यह घटना तस्वाडे के पास हुई जब 64 वर्षीय शिंदे और उनकी टीम पुणे-बेंगलुरु हाईवे को चोड़ा करने के लिए उखाड़े गए पेड़ों को फिर से लगाने में लगी हुई थी। प्रतिभागियों ने कथित तौर पर एक पेड़ को झकझोरा जिसमें मधुमक्खियों का छाता था। सारे मधुमक्खी एक साथ बाहर आ गए।

सतारा में जन्मे शिंदे को तुरंत उनके वाहन तक ले जाया गया जहां वे तब तक लेटे रहे जब तक कि मधुमक्खियां वहां से चली नहीं गई। शिंदे ने बाद में मंगलवार को स्थानीय मीडिया और अपने सहयोगियों को बताया कि हमले में उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ और फिर से वृक्षारोपण का काम शुरू हो गया। शिंदे एक मशहूर पर्यावरणविद हैं, जिन्होंने 2015 में पर्यावरण के प्रति संवेदनशील वेस्टर्न घाटों और आसपास के इलाकों में वनस्पतियों और जीवों के साथ प्रकृति संरक्षण और फिर से पेड़ लगाने के लिए एनजीओ, सह्याद्री देवराई की स्थापना की।

पेशेवर मोर्चे पर, शिंदे थिएटर, टेलीविजन और हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और भोजपुरी फिल्मों में एक परिचित अभिनेता हैं और उन्हें 'जोड़ी नंबर 1', 'छल', 'मुझसे शादी करोगी'' जैसी बॉलीवुड हिट फिल्मों में उनकी भूमिकाओं के लिए याद किया जाता है।

## कलेक्टर डा मिश्रा ने किरनापुर एवं लांजी कालेज में छात्र-छात्राओं से किया संवाद
### सिविल सेवाओं की तैयारी के लिए दिया मार्गदर्शन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने 15 मार्च को किरनापुर एवं लांजी के महाविद्यालय में केरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं से संवाद किया और उन्हें अच्छा भविष्य बनाने के लिए सिविल सेवा की परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन दिया। इस दौरान किरनापुर एसडीएम सुश्री निकिता सिंह मंडलोई, लांजी एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर, तहसीलदार सुश्री शोभना ठाकुर, महाविद्यालय के प्राचार्य आर आर सोनवाने, जनभागीदारी समिति किरनापुर अध्यक्ष राम कुमार राणा एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने इस दौरान स्वयं के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी कैसे की और सफलता के लिए कैसा परिश्रम किया इस बारे में अपने अनुभव भी साझा किये। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने विषयों के साथ ही सामाजिक एवं सामान्य ज्ञान पर भी विशेष ध्यान दें। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता उन लोगों को ही मिलती है, जो कठिन परिश्रम करते हैं और हर क्षेत्र में अपना ज्ञान अच्छा रखते है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी के लिए हमर सम्मान निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था भी की है। जो छात्र-छात्रायें इस कोचिंग में शामिल होना चाहते हैं वे 19 मार्च को विकासखंड मुख्यालयों पर आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकते है। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने छात्र छात्राओं को आवश्यक जानकारियां देते हुये कहा कि आप सभी इस प्रतियोगी परीक्षा का हिस्सा बने, आप जो कुछ भी बनना चाहते है सबसे पहले आपको अपना लक्ष्य बनाना होगा और उस लक्ष्य को पाने के लिये आपके अन्दर तड़प, लगन होनी चाहिये। कलेक्टर मिश्रा ने अपनी जीवनी भी विद्यार्थियो के समक्ष रखी, किन परिस्थितियों में आईएएस बना, मैने सिर्फ एक लक्ष्य रखा था कि मुझे आईएएस परीक्षा पास करनी है और विपरीत परिस्थिति में भी मैने



आईएएस पास किया और आज आपके सामने हूं। आपने छात्र छात्राओं से कहा कि कुछ भी पाने के लिये एक उद्देश्य होना चाहिये, मन मे जिज्ञासा होनी चाहिये, सपने देखना जरूरी है क्योंकि सपने देखकर उसको साकार करने वाला ही आगे बढता है। सभी विद्यार्थियो से मै यह कहना चाहुंगा कि आप सभी प्रतियोगी परीक्षाओं मे हिस्सा ले, चाहे सफलता मिले अथवा ना मिले लेकिन इससे आप अपने आप को पहचान सकते हैं कि हम कहां खडे हैं और हमे आगे कितनी मेहनत करनी है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति बैठक सम्पन्न

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक का आयोजन जिला चिकित्सालय भिण्ड के मीटिंग हॉल में किया गया। उक्त बैठक में स्वास्थ्य विभाग की हितग्राही मूलक योजनाओं तथा सीएम हेल्पलाईन पर चर्चा की गयी एवं जिला अस्पताल के चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ से संवाद कर जिला अस्पताल में आये मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवायें दी जायें जिससे मरीज संतुष्ट होकर अस्पताल से स्वस्थ्य होकर जायें। जिला भिण्ड की समस्त समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कार्यरत नवीन खण्ड चिकित्सा अधिकारियों से चर्चा की गयी। सीएमएचओ द्वारा जिले में चल रही सभी स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गयी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर में पहुंचे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर





**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** केआरजी महाविद्यालय ग्वालियर में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ अछतम् केशवम्,राधे तेरे चरणो की आदि गीतों के साथ हुआ।इसके बाद स्वयंसेविकाओं ने योग व व्यायाम किया तथा शिविर परिसर में स्वच्छता की तत्पश्चात स्वयंसेविका वैष्णवी मुद्गल,वर्षा कटारे,शालू साहू,दिव्या माहौर,ग्रेसी तोमर,खुशी पाल आदि ने सेवार्थ पाठशाला मैं जाकर के बच्चों को अच्छी आदतों एवं व्यक्तिगत स्वच्छता का संदेश दिया साथ ही रासेयो के गीत जिंदगी के गीत हम गाएंगे सुनाएंगे गीत गाते गाते श्रमदान किया।दोपहर के भोजन के बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि हॉकी इंडिया टीम के उपाध्यक्ष श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर जी,विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री त्रिलोक शर्मा जी,जीवाजी विश्वविद्यालय के रासेयो के समन्वयक अधिकारी डॉ रवि कांत अदालत वाले एवं माधव महाविद्यालय के प्राध्यापक व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ संजय पांडे जी केआरजी महाविद्यालय के क्रीड़ा विभाग प्रभारी डॉ.मनोहर कटारिया जी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.वीणा शुक्ला डॉ.कृष्णा सिंह डॉ.अंतिमा सिंह उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि ने स्वयंसेविकाओं को समाज सेवा एवं दूसरों की सहायता करने के लिए प्रेरित किया विशिष्ट अतिथि त्रिलोक शर्मा जी ने अपने शिविर अनुभव के बारे में बताते हुए सभी छात्राओं का मार्गदर्शन किया, डॉ रविकांत अदालतवाले जी ने रासेयो के लक्ष्य गीत, शांति के सिपाही चलो गीत गाकर स्वयं सेविकाओं का उत्साहवर्धन किया डॉक्टर मनोहर कटारिया जी ने व्यक्तिगत विकास के बारे में बताते हुए स्वयंसेविकाओं का मार्गदर्शन किया।इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने महलगांव में जागरूकता रैली निकाली स्वल्पाहार,रात्रि भोजन के बाद सांस्कृतिक का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेविकाओं ने जल संरक्षण विकलांग व्यक्ति आदि विषयों पर नाटक प्रस्तुति दी।

# श्री सम्राट सिंह सरसवार अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

जिला पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष योगेश राजा लिल्हारे एवं जिला पंचायत के सदस्यगण जिला पंचायत सीईओ श्री विवेक कुमार एवं विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। श्री सम्राट सिंह सरसवार अध्यक्ष जिला पंचायत की अनुमति पश्चात एजेंडा अनुसार विभागीय योजनाओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा जिले मे निर्माणाधीन सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम नाहरवानी से गरदा स्वकृती पर चर्चा की गई एवं कहा गया कि मुख्य सड़कों से मजरों टोलो को जोड़ने हेतु स्वकृती हेतु प्रयास किये जाने चाहिए, शासन को प्रस्ताव भेजे जावे सभी सदस्यों की भी ये मुख्य मांग है। स्वास्थ्य विभाग की चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर डॉक्टरों की कमी पर भी चर्चा की गई, जिस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर समस्या के निराकरण करने की बात कही स्वास्थ्य विभागों के निर्माणाधीन कार्यों में निर्माण प्रारंभ होने से पूर्व स्वीकृत कार्यों का विवरण लागत ठेकेदार आदि की जानकारी को दर्शाता बोर्ड लगाए जाने की बात कही गई है सीईओ जिला पंचायत द्वारा संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व बोर्ड अवश्य लगाया जाए ताकि ग्रामीणों को भी निर्माण की जानकारी मिल सके। कायाकल्प योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों




की समीक्षा की गई एवं सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग के संबंध में सीईओ जिला पंचायत द्वारा बताया गया कि संपूर्ण भारत में आदर्श पुनर्वास केंद्र बालाघाट घोषित किया गया है जिसके लिए 2.99 करोड़ के भवन की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है। जिले में विकासखंड स्तर पर 22 शिविर लगाए गए एवं हितग्राहियों का चित्रांकन किया गया जिला पंचायत सदस्यों द्वारा निवेदन किया गया कि इस तरह के जब भी शिविर आयोजित किए जाए उसके 15 दिवस पूर्व शिविरों की जानकारी से जनप्रतिनिधियों के साथ ग्रामीणों को भी अवगत कराया जाए ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगों को उसका लाभ मिल सकें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी द्वारा जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री झामसिंग नागेशर सदस्य जिला पंचायत द्वारा जिले मे आयोजित सामूहिक विवाह में प्रदाय सामग्री की गुणवत्ता पर ध्यान दिए जाने की बात कही श्री टामेश्वर पटले सभापति जिला पंचायत द्वारा अपनी बात रखी की क्षेत्र में निर्माण कार्यों का भूमि पूजन में प्रोटोकॉल का पालन किया जाना चाहिए इस हेतु विभागों को निर्देशित किया जाए क्षेत्र के श्री बलराम मंसाराम हनुमत लोट मारा दिव्यांग को नियमानुसार बैटरी वाली ट्राई साइकिल दिए जाने हेतु कार्यवाही की जाए ग्राम मोहगांव पटेली को मुख्य सड़क से जोडे जाने की बात रखी बैहर बिरसा परसवाड़ा के बैगा जाती के हितग्राहियों को मुख्यमंत्री पशु प्रदाय योजना का लाभ दिलाया जावे अंत मे ग्राम पंचायतो में सचिवों के रिक्त पदो के संबंध भी चर्चा की गई बैठक समाप्ति पश्चात जिला पंचायत सदस्य सुश्री डॉली कावरे के जन्मदिन होने के उपलक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्यों तथा उपस्थित अधिकारी कर्मचारीयो द्वारा केक कटवाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# मोर आवास-मोर अधिकार से वंचित हितग्राहियों ने आक्रोशित होकर घेरा विधानसभा

भाजपा राष्टीय उपाध्यक्ष व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवरदास ने मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन की सफलता के लिए



भाजपा कार्यकर्ताओं एवं प्रदेश से आए हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के गरीब हितग्राहियों को आवास इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा घेराव का कार्यक्रम सफल रहा। प्रधानमंत्री आवास से वंचित हितग्राहियों के आक्रोश से स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है और प्रदेश के इस चार्ज सीटेड सरकार को उखाड़ फेकेंगी। नरेंद्र मोदी जी जनता की आशीर्वाद से 2014 में देश का प्रधानमंत्री बने और उसके बाद ही देश के गरीब जनता को आवास देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की। ताकि देश के गरीब जनता को आवास मिल सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छत्तीसगड़ के गरीब जनता को घर मिलना था वह छत्तीसगड़ के मुख्यमंत्री चार्ज सीटेट मुख्यमंत्री गरीब जनता को प्रधानमंत्री आवास को रोकने का काम कर रही है। यह गरीब विरोधी सरकार है और ऐसी सरकार को आने वाले समय में उसे सबक सिखाना होगा। नरेंद्र मोदी जी ने गरीबों को सम्मान के साथ जीवन जीने का मौका मिले है इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरुआत की है और वह आज बिना भेदभाव के देश भर के लोगों को मिल रहा है। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ में साढे 7 लाख आवास बनाने का काम डॉ रमन सिंह जी की तत्कालिक सरकार ने की है। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद प्रदेश में गरीब आदिवासियों और किसानों के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को नहीं मिल रहा है। प्रदेश की कांग्रेस ने नया नारा दिया गड़बो नवा छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ का हर तिनका-तिनका बिचौलियों और माफियाओं को सौंप दिया। छत्तीसगढ़ की गरीब जनता की गाड़ी कमाई को लूटा गया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री नहीं पूरे कांग्रेस का खजांची मुख्यमंत्री है। एक कांग्रेस नेत्री को खुश करने के लिए 1 करोड़ रुपए से भी ज्यादा का फूल बिछाने का काम कांग्रेस की सरकार ने किया है। प्रदेश में रेत माफिया, कोल माफिया, शराब माफिया का राज चल रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को बर्बाद करने के बाद अब छत्तीसगढ़ की कांग्रेस झारखंड की मुक्ति मोर्चा को समर्थन देकर उनको बर्बाद करने का कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में सीएमओ भ्रष्टाचार का आधार बना हुआ है। प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह से अव्यवस्थित हो गई है। भाजपा की सरकार ने छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित करने का कार्य किया है तो वहीं प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं। डीएमएफ फंड में भी भ्रष्टाचार करने का काम कांग्रेस की सरकार द्वारा किया जा रहा है यह बात कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी मान रहे हैं कि उनकी सरकार में भ्रष्टाचार बड़ा है। प्रदेश की भ्रष्ट सरकार को चैन की नींद सोने नहीं देंगे और प्रदेश में फिर से डबल इंजन की सरकार बनानी है ताकि छत्तीसगढ़ तेजी से विकास करें।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि मोर आवास मोर अधिकार को लेकर हो रहे आंदोलन में जितने लोग यहां उपस्थित हैं उनसे भी अधिक लोग सड़कों में उपस्थित हैं। प्रधानमंत्री आवास देने के लिए भाजपा द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गरीब जनता को आवास देने के लिए पहले वह सर्वे कराने की बात करते है। छत्तीसगढ़ के गरीब हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास से वंचित करने का काम यह प्रदेश की झूठी सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चैन से बैठने देने नहीं देंगे। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बदलनी है उन्हें दोबारा यहां सरकार नहीं बनाने देनी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित 35 जिलों से आए हुए हितग्राहियों का चरण पखार (पाव धोकर) कर उनका स्वागत किया। आवासहीन हितग्राहियों ने अरुण साव जी के साथ काले गुब्बारे उड़ाकर सरकार का विरोध किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा में बैठे-बैठे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जानकारी ले रहे हैं कि भाजपा के विधानसभा घेराव में कितने लोग आए हैं, और जैसे-जैसे उनको पता चल रहा है कि भाजपा के इस आंदोलन में बड़ी संख्या में



हितग्राही, भाजपा कार्यकर्ता आ रहे हैं वह पसीना-पसीना हो गए हैं। देश को आजाद हुए 75 साल हो गए जिसमें देश में 55 से 60 साल तक कांग्रेस की सरकार रही है और कांग्रेस की प्राथमिकता में कभी गांव, गरीब, किसान नहीं रहे। कांग्रेस ने कभी गांव, गरीब, किसान की चिंता नहीं की। जब अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के प्रधानमंत्री बने तब गांव गरीब और किसान की चिंता हुई। देश में विकास की शुरुआत प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने किया है। देश में प्रधानमंत्री सड़क बनाकर देश को जोड़ने का काम प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी ने की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देशभर के किसानों को 6 हजार रुपए प्रतिवर्ष देकर उनका सम्मान किया। आज देश भर के किसानों को उनकी लागत से डेढ़ गुना समर्थन मूल्य से देने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 2500 रुपए में धान खरीदने की बात करने वाले भूपेश बघेल यह क्यों नहीं बताते कि 2500 रुपए में से 2100 रुपए देने का कार्य केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार कर रही है।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478